

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार, 06 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-216 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# फिर चल गया ट्रंप कार्ड,कमला हारिस

## जीत के बाद बोले-अमेरिकी इतिहास की यह शानदार जीत, अब आएगा सुनहरा दौर

**वाशिंगटन,6 नवंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है। डोनाल्ड ट्रंप ने विजयी भाषण दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने जीत के बाद फ्लोरिडा में भाषण दिया और लगभग हर मुद्दे पर दिल की बात कही। ट्रंप ने कहा कि वह 315 वोट पाकर राष्ट्रपति बने हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिकी की विजय है और अब सुनहरा दौर शुरू होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी इतिहास की यह शानदार जीत है और अब हम अपने वादे पूरे करना शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि हम युद्ध बंद कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और घुसपैठ पूरी तरह खत्म होगी। अब अमेरिका में कोई अवैध रूप से एंट्री नहीं कर सकेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने ही इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठन को खत्म किया था। नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने नॉर्थ कैरोलाइना, विस्कॉन्सिन, पेन्सिलवेनिया और जॉर्जिया जैसे अहम राज्यों में जीत के बाद 270 इलेक्टोरल वोट का जादुई आंकड़ा छू लिया है।

ट्रंप ने अपने समर्थकों को धन्यवाद दिया है और इसे अमेरिका की जनता की शानदार जीत करार दिया है। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के अभियान को दुनिया का सबसे बड़े राजनीतिक आंदोलन बताया है। उन्होंने कहा, हम हमारे देश को, सीमाओं को ठीक करने जा रहे हैं। हमने आज रात इतिहास रच दिया है। हमने सबसे अविश्वसनीय राजनीतिक जीत हासिल की है। मैं अमेरिका की जनता का धन्यवाद देता हूं।



मैं आखिरी सांस तक आपके और आपके परिवार के लिए लडूंगा डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वोटर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हम मतदाताओं के लिए सब कुछ ठीक करने जा रहे हैं। यह एक ऐसी राजनीतिक जीत है, जो हमारे देश ने पहले कभी नहीं देखी। 47वें राष्ट्रपति के रूप में मैं हर दिन आपके लिए लडूंगा. यह अमेरिका के लिए एक शानदार जीत है, जो अमेरिका को फिर से महान बनाएगी।

### हार्दिक बधाई मेरे दोस्त: मोदी

अमेरिकी चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों की सफलता के क्रम में, मैं भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए सहयोग को बढ़ाने के वास्ते उत्सुक हूं। आइए, मिलकर अपने लोगों की भलाई के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

## संक्षेप

### छोटे भाई ने की बड़े की कुदाली मारकर हत्या

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले एक बार फिर से हत्या का मामला सामने आया है। आज मंगलवार देर शाम 7 बजे छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की कुदाली से मारकर हत्या कर दी। वही मौके से फरार हो गया है। पूरा मामला बोड़ला थाना क्षेत्र के रग्घुपारा गांव की हैं। मिली जानकारी अनुसार आज शाम 6 से 7 बजे के बीच गांव के पूर्व सरपंच काशीराम के छोटे पुत्र भागबली मेरावी ने अपने बड़े भाई गोपाल मेरावी उम्र 40 की नशे की हालत में कुदाली से मारकर हत्या कर दी है। हत्या के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। गांव में हत्या की जानकारी सामने आने के बाद हड़कम मच गया। ग्रामीणों ने डायल 112 व बोड़ला थाना को सूचना दी।मौके पर पुलिस के टीम पहुंची हुई थी। गंभीर अवस्था में गोपाल मेरावी को बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। वही फरार आरोपी की पतासजी की जा रही है। कल बुधवार को बोड़ला के अस्पताल में शव का पीएम किया जाएगा। शव को मर्चुरी में रखा है। अस्पताल के बाहर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण खड़े हुए हैं। आरोपी की जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की जा रही है।

### 25 फीट नीचे खाई में गिरी तेज रफ्तार कार

**कोरबा.** तेज रफ्तार कार 25 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरी. इस हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई. वहीं दूसरा व्यक्ति जिंदगी और मौत से जूझ रहा है. घटना की सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने काफी मशकत के बाद वाहन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला. वहीं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा. यह हादसा कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर मदनपुर घाट पर हुई. जानकारी के मुताबिक, दो दोस्त कार से भिलाई से अम्बिकापुर जा रहे थे. दोनों अम्बिकापुर में ऑटो डील का काम करते हैं. दोनों वाहन खरीद कर वापस लौट रहे थे. इस दौरान कार खाई में गिरने से अंकित कुमार अम्बिकापुर लमनाकला निवासी की मौत हो गई. वहीं विवेक चंद घायल है.



## घर में आग लगने से पांच मवेशी जिंदा जले

**सूरजपुर,6 नवंबर।** घर में भीषण आग लगने से पांच मवेशी जिंदा जल गए. साथ ही किसान का धान जलकर खाक हो गया. यह घटना सोनपुर गांव की है. आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक भूलन सिंह मारवी, एसडीएम घटना स्थल पहुंचे हैं.

### लकड़ी टाल में लगी भीषण आग

**जांजगीर-चांपा.** जिले के बलौदा थाना क्षेत्र के एक लकड़ी टाल में आज सुबह भीषण आग लग गई. यह आग राज केसर अस्पताल के पीछे आनंद अग्रवाल के लकड़ी टाल में लगी जिससे वहां रखी लाखों रुपये की लकड़ी जलकर राख हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉट सर्किट के कारण लगने की आशंका जताई जा रही है. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. दमकल की पांच गाड़ियां और केसके पावर प्लांट, सीपत पावर प्लांट और मड़वा प्लांट की दमकल गाड़ियां लगातार आग बुझाने में लगी हुई है. राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है.



रायपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज दूसरा दिन है. आज का दिन खरना का छठ में व्रती 36 घंटों का निर्जला व्रत रखती हैं. खरना से ही व्रतियों के निर्जला व्रत की शुरुआत हो जाती है. पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम को खरना किया जाएगा. राजधानी के बाजार में पूजन सामाग्रियों की जमकर बिक्री हो रही है।

## आज छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का उपराष्ट्रपति करेंगे समापन

### राज्य अलंकरण समारोह का होगा आयोजन

रायपुर,6नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 का समापन आज होगा. अंतिम दिन छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण समारोह भी होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे. राज्यपाल रामेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. आज विभिन्न कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी देंगे. छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार अनुराग शर्मा अपनी टीम के साथ लोगों का मनोरंजन करेंगे. इंडियास गॉट टैलेंट फेम मनोज प्रसाद मलखंभ की प्रस्तुति देंगे. रवि श्रीवास्तव ÷जादू बस्तर÷ का प्रदर्शन करेंगे. इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनीता गायन की प्रस्तुति देंगे. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे. वे शाम 5.40 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद राज्योत्सव स्थल पहुंचेंगे और राज्य अलंकरण समारोह में शिरकत करेंगे. समारोह के पश्चात शाम 7-45 को दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे.

## बोलेरो से टकराई बाइक, दो की मौत

**गरियाबंद,6 नवंबर।** नेशनल हाईवे पर बोलेरा से टकराकर बाइक चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुटी. यह घटना नेशनल हाइवे 130 सी में देवभोग थाना क्षेत्र के डोहेल ग्राम के पास की है. देवभोग से जा रही बोलेरा वाहन से मूडागांव की ओर से आ रही बाइक की सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक चालक व सवार 20 मीटर दूर फेंका गए. हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए. वहीं बोलेरा का सामने का हिस्सा उखड़ गया है. हादसे में बाइक चालक भवनों मांझी उम्र 35 साल व सवार दुलार मांझी उम्र 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गई. दोनों आपस में ममेरा भाई हैं, जो निजी काम से रात्रि लगभग मुड़ागांव से देवभोग की ओर आ रहे थे. बोलेरो खोखमा ग्राम का है, जो सराईपानी से आए मरीज को लेकर वापस लौट रही थी. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया है. दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 को दिया. मौके से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार और चालक को मृत घोषित कर दिया. देवभोग थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा कि अपराध कायम कर मामले की जांच की जा रही है. घटना की वजह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना प्रतीत हो रहा है. सड़क चौड़ी होने के बावजूद आपस में टकराना समझ से परे है. शव को मर्च्यूरी भेज दिया गया है. पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा.



## संजौली मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका

### अवैध हिस्सों को गिराने पर रोक से कोर्ट का इंकार

**शिमला,6 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के संजौली का बहुचर्चित मस्जिद मुद्दा एक बार फिर से गहरा गया है। नगर निगम कोर्ट के मस्जिद की तीन अवैध मंजिलों को गिराने के आदेशों को जिला अदालत में चुनौती दी गई है। मुस्लिम पक्ष से जुड़ी वेलफेयर सोसायटी ने नगर निगम आयुक्त कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए जिला अदालत में याचिका दाखिल की है। यह याचिका मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सदस्य और ऑल हिमाचल मुस्लिम लीग के प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी की तरफ से दायर हुई। इस पर बुधवार को सुनवाई करते हुए जिला अदालत ने नगर निगम आयुक्त कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई आगामी 11 नवंबर को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अधिवक्ता विश्व भूषण ने बताया कि नगर निगम आयुक्त के आदेश के खिलाफ नाहन की मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने याचिका दाखिल की है। इसमें मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ने के आदेशों पर रोक लगाने की मांग की गई है। मुस्लिम पक्ष ने याचिका में अपील की है कि मामले में मुस्लिम समुदाय की भावनाएं जुड़ी हुई हैं और उनका पक्ष भी सुना जाना चाहिए। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 11 नवंबर को तय की है। उन्होंने कहा कि आज की सुनवाई में नगर निगम आयुक्त कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने पर कोई फैसला नहीं हुआ है। अदालत ने आयुक्त से मामले से जुड़ा रिकार्ड तलब किया है। संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण के मुद्दे पर भारी बवाल हुआ है। सुर्खियों में रहने वाली इस विवादित चार मंजिला मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बीते पांच अक्टूबर को नगर निगम के कोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बीते 5 अक्टूबर को मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई करते हुए मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध ठहराया.

### 15 नवंबर से शुरू होगी कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में नवंबर के महीने में सर्दी का अहसास नहीं हो रहा है। तापमान जरूर 3 से 4 डिग्री दिल्ली में कम हुआ है। दिन में लोगों को गर्मी जरूर महसूस हो रही है। रात में मौसम ठंडा हो जाता है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 15 नवंबर से सर्दियां शुरू हो जाएंगी। मंगलवार को रात में सर्दी महसूस होगी। आसमान साफ रहेगा, लेकिन धुंध छाई रहेगी। दिल्ली में अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक रहेगा। दिल्ली में 6 से 10 नवंबर के बीच तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा।



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में संचालनालय उद्यानिकी की तैयार बागवानी का आकर्षक जीवंत प्रदर्शन।






## डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच अमेरिका में छा गए भारतीय मूल के 6 नेता

**वाशिंगटन,6 नवंबर।** अमेरिका के चुनाव में भारतीय मूल के नेताओं का भी जलवा देखने को मिला। खबर लिखे जाने तक कुल 6 भारतीय मूल के नेता अमेरिकी कांग्रेस का सांसद बनने में सफल रहे हैं। सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया सीट से जीत हासिल की है। इनके अलावा, कैलिफोर्निया से अमी बेरा, इलिनोइस से राजा कृष्णमूर्ति, कैलिफोर्निया से रो खन्ना, वाशिंगटन से प्रमिला जयपाल और मिशिगन से श्री थानेदार सांसद बनने में सफल रहे हैं। आपको यह भी बता दें कि मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा, ''मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है।''



श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया।

## एक नजर

### आईजी ने सीएसपी दफ्तर का निरीक्षण किया



**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने छावनी सीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित गंभीर अपराधों व शिकायतों पर गंभीरता दिखाने कहा उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो भी कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतेंगे, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान रोजनामचा इंट्री को समय पर वरिष्ठ कार्यालयों में न भेजने वाले थाना प्रभारियों को भी फटकार लगाई और उन्हें इसमें सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए आईजी राम गोपाल गर्ग ने छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और उपस्थित थाना प्रभारियों को गुंडा बदमाशों, चाकूबाजों और आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर रखने, उनकी लगातार चेकिंग करने और उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए निरीक्षण के अंतर्गत कार्यालय में रखे गए विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टर जैसे अपराध डाइजेस्ट, मर्ग, शिकायत, केस डायरी मूवमेंट, रोजनामचा विवरण, परवाना रजिस्टर आदि की जांच की गई वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निर्देशों का समय पर पालन सुनिश्चित करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने को कहा।

### कटर से हमला,तीन लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई धारदार कटर से हमला करने वाले तीन आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार चाकू कटर एवं डंडा जब्त किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि लवकेश ठाकुर निवासी अम्बेडकर नगर वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 नवंबर की रात्रि 9 बजे करीब इंदिरा नगर सुपेला के पास बातचीत कर रहा था। दीपावली के दिन प्रार्थी का दोस्त गोकुल ढ़ीमर उर्फ राजा के साथ अरमान वासनिक का फटाखा फोड़ने के लेकर विवाद हुआ था इसी बात को लेकर धरमा राव, शेखर यादव एवं अरमान वासनिक ने गोकुल ढीमर उर्फ राजा को डंडा एवं चाकू से जानलेवा हमला कर वार किया इससे प्रार्थी का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया प्रार्थी द्वारा बीच बचाव करने पर प्रार्थी से भी मारपीट की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी धरमा राव एवं शेखर यादव को व एक नाबालिग को पकड़ा।

### घरेलू विवाद में पति ने जान दी

**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र पति.पत्नी के बीच का विवाद इतना बढ़ गया कि जब पत्नी इसकी रिपोर्ट करने थाने गई तो पति ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर बॉम्बे आवास निवासी हीरालाल साहू ;40 वर्षद्ध मकान बनाने का ठेका लेने का काम करता था और उसके एक बेटा और बेटी हैं। पुलिस के अनुसार हीरालाल और उसकी पत्नी के बीच पिछले 5- 6 वर्षों से पट नहीं रही थी। आए दिन झगड़ा होने पर दोनों के बीच तलाक की स्थिति आ गई थी पत्नी बार-बार तलाक मांग रही थी। लेकिन हीरालाल उसे तलाक नहीं दे रहा था इस बात को लेकर सोमवार दोपहर दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ दोपहर 12:30 बजे के करीब पत्नी हीरालाल की शिकायत करने की बात कहकर थाने जाने के लिए निकली। वह थाने पहुंची भी नहीं थी कि उसका लड़का दौड़ता हुआ पहुंचा और बोला कि पापा ने फांसी लगा ली है। जब पत्नी घर पहुंची तो देखा कि हीरालाल कमरे के अंदर फंदे पर झूल रहा है। इसके बाद जामुल पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ले के लोगों के सामने कमरे का दरवाजा तोड़ा और उसके बाद हीरालाल को फंदे से नीचे उताराण्उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### स्कंदाश्रम में नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया



**भिलाई, 6 नवंबर।** स्कंदाश्रम में चल रहे स्कंद षष्ठी समारोह के 27 वर्ष की शुरुआत गौ-पूजा से हुई, तत्पश्चात श्री हरिद्रा गणपति हवन हुआ जो कार्यक्षेत्र मे निर्विघ्नता उच्च स्तरीय व्यापार की संभावनाएं में वृद्धि और सौभाग्य के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः 09 बजे नवग्रह हवन हुआ जो नवग्रह दोष निवृति मन की शांति अंतरदशा मुक्ति ऋण विमोचन के लिए सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात वस्तु शांति हवन हुआ जो स्थल शुद्धि भूमि संपत्ति प्राप्ति हेतु सम्पन्न हुआ। उसके पश्चयात श्री धन्वन्तरी हवन सम्पन्न हुआ जो अप मृत्यु भय निवृति हेतू सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात श्री दृष्टि दुर्गा हवन हुआ जो सकल दृष्टि निवृति मनोभय निवृति और दीर्घ आयु प्राप्ति हेतु सम्पन्न हुआ। शाम को नवचंडी महायज्ञ सम्पन्न हुआ।

# राज्योत्सव से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश-दुनिया में फैलेगी:बृजमोहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 6 नवम्बर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सांसद अग्रवाल ने विभिन्न स्टॉलों में पहुंचकर विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। उन्होंने सभी दुर्गवासियों को राज्य गठन के 24 साल पूर्ण होने और 25वें साल में प्रवेश करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं से छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। गरीबों के घरों में बिजली पहुंच नही पाती थी, लेकिन अब घरों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर बिजली पहुंचाई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण करना है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित भारत की तरह विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। नौजवानों को नौकरी करने के बजाय नौकरी देने लायक बनाया जाएगा। दुर्ग जिला फौलादी जिला है। यहां भिलाई स्टील प्लांट होने के कारण औद्योगिक विकास हुआ है। सभी लोगों को मिलकर दुर्ग जिले को विकसित जिला बनाना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश-दुनिया में फैलेगी। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने अपने करकमलों से विभागीय स्टॉल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किया। अध्यक्षता करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ निर्माण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक रिकेश सेन ने अपने उद्बोधन में राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण कर उन्हें प्रणाम किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले की विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 24 कुंडीय महायज्ञ संस्था के समारोह में लोगों ने दी दिवाली की शुभकामनाएं





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 नवंबर।** ग्राम सेलूद में आयोजित होने वाले 24 कुण्डीय यज्ञ संस्था के द्वारा कर्मा भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को शुभकामनाये प्रेषित किया । 17 नवंबर 2024 को कार्यक्रम स्थल में भूमिपूजन का आयोजन की जानकारी दिया गया जिसमें सेलूद सहित आसपास के ग्रामवासी शामिल होंगे द्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के स्थानीय सांसद, विधायक व जनप्रतिधि गनो का आगमन होगा द्य बैठक में आगामी कार्ययोजना के तहत 2 जनवरी से 5 जनवरी 2024 होने वाले 24 कुंडीय महायज्ञ शक्ति संवर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के आयोजन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा किया साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया द्य धन पुष्प संग्रहण के लिए सभी प्रभारियों को रसीद बुक प्रदान किया गया द्य दीपावली मिलन में सुवा नृत्य का भी आयोजन किया गया उक्त अवसर पर अशोक सिंह राजपूत समन्वयक , श्रीमति खेमिन साहू सरपंच सेलूद, खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, संजय यदु, अजय ठाकुर, सत्यभामा बंछोर, सीता बंछोर, पीताम्बरी साहू, दीपिका साहू, पुष्पा वर्मा, तारेंद्र बंछोर, जयंत्री नायक, विमला साहू, भागवत वर्मा, कौशल आडिल,लाजेश वर्मा, लोकनाथ साहू, सियाराम चन्द्राकर, जगह देवांगन, मनहरण साहू, कमल यादव, लीला सिंह, माला साहू, धनश्याम पटेल, दिगम्बर बंछोर, जगन्नाथ, नेतराम, गयाराम साहू, डोमन, पवन यादव, श्यामलाल वर्मा, हरीश सोनकर, केशव, हरप्रसाद यादव, कमलदेव ठाकुर, दुर्वासा साहू, सखाराम ठाकुर, नेदकुमार साहू, बसंत वर्मा, भानु वर्मा, बिसंभर साहू, भुनेश्वर साहू, तारकेश्वर साहू, राजूलाल साहू, जितेंद निर्मलकर, लक्ष्मी बंछोर, निर्मला चन्द्राकर, किरणलता चन्द्राकर, गूँजेश्वरी बंछोर, मानसी चन्द्राकर, योगेश्वरी साहू, सुनीता ठाकुर, सरस्वती साहू, प्रेमिन, प्रतिमा, लक्ष्मी ठाकुर, हठयारिन धनकर, देवरिन ठाकुर, गनेशिया यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।



**कवर्धा।** पंडरिया पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने रायपुर कांग्रेस विधायक प्रत्याशी आकाश शर्मा के प्रचार में जुटी




### समाज कल्याण विभाग ने नशा मुक्ति अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया

**कवर्धा।** पी.जी.कॉलेज ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा विभाग योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें नशा मुक्ति को प्राथमिकता देते हुए रंगोली के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित जनसामान्य को नशामुक्ति हेतु जागरूक किया गया।

## जनजाति के प्रतिनिधियों ने देश को स्वतंत्र कराने में अमूल्य योगदान दिया



**भिलाई, 6 नवम्बर।** शासकीय इंदिरा गांधी वैशाली नगर महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ सरस्वती मां के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, गुंडाधुर और भारत माता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण के साथ प्रारंभ किया गया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. से डॉ मृणाल सिन्हा (एसोसिएट प्रोफेसर) ऑनलाइन मोड पर थे । डॉ मृणाल सिन्हा ने जनजातियों की वर्तमान स्थितियों व स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और योगदान विषय पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय रायपुर पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग के प्रोफेसर डॉ आशुतोष मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजाति भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, गुंडाधुर, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राजाओं, महाराजाओं ने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों का विरोध करते हुए अनेक जनजातियों के प्रतिनिधियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ वेदवती मंडावी ने जनजातीय समाज पर जानकारी देते हुए कहा जनजातीय समाज के संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और उनके योगदान विशेष कर मोहनजोदड़ो, हड़प्पा संस्कृति व स्वाधीनता संग्राम में हुए शहीदों के योगदान, गोंड जनजातियों की गोटुल परम्परा और टोटम व्यवस्था के माध्यम से जीव-जंतुओं व पेड़-पौधे की सुरक्षा करना इत्यादि जानकारी विस्तार से दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने अपने उद्बोधन में जनजातीय आंदोलन जैसे कुकी आंदोलन,संथाल आंदोलन का जिक्र करते हुए रानी दुर्गावती के बलिदान से सबको रूबरू कराया।

कार्यक्रम के लिए संगोष्ठी के समन्वयक डॉ चांदनी मरकाम, सह समन्वयक प्रोफेसर अत्रिका, सदस्य महेश कुमार अलेंद्र, सुरेश ठाकुर को बधाई दी गयी। कार्यक्रम के अंत में संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेश कुमार अलेन्द्र ने समस्त अतिथियों व महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक डॉ कैलाश शर्मा, डॉ नीता डेनियल, डॉ शिखा श्रीवास्तव, डॉ किरण रामटेक, डॉ संजय कुमार दास, प्रो सुशीला शर्मा, प्रो कौशल्या शास्त्री, डॉ अल्पा श्रीवास्तव, डॉ आरती दीवान, डॉ रविंदर छाबड़ा, डॉ मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ दिनेश सोनी, डॉ अजय कुमार मनहर, प्रो अमृतेश शुक्ला, क्रीड़ा अधिकारी यशवंत देशमुख, समस्त अतिथि प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापनकिया।



### बीएसपी ने लॉन्च किया यूनिफाइड व्यू ऐप, प्रबंधन में नया युग

**भिलाई, 6 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने संचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उन्नत यूनिफाइड व्यू ऐप लॉन्च किया है, जो डिजिटल परिवर्तन में एक उल्लेखनीय पहल है, जिसे कहीं भी-कभी भी संयंत्र संचालन की बारीकी से निगरानी करने, संचार एवं समन्वय को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। ऐप का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। यूनिफाइड व्यू ऐप में उत्पादन प्रक्रिया की निगरानी के साथ-साथ कर्मचारी सेवाएं इंटरफ़ेस शामिल हैं। यह पहल डिजिटल इंडिया में शामिल स्मार्ट तकनीकों को अपनाने की भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। सभी कर्मचारियों के लिए यह ऐप, एप्पल ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले स्टोर दोनों पर आवश्यक सुरक्षा फीचर के साथ उपलब्ध है। एंड्रॉइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यूनिफाइड व्यू ऐप को भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑटोमेशन और डिजिटलाइजेशन विभाग द्वारा विकसित किया गया है।



### बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने राज्योत्सव में विकास प्रदर्शनी, स्टालों का अवलोकन किया

**कवर्धा।** बिलासपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयोजित 5 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव मेला में प्रतिनिधियों के साथ राज्य शासन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित विकास सह-प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। जल जीवन मिशन की प्रगति के बारे बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत से पूछा । खास बात देखा गया की जल जीवन मिशन योजना के स्टाल को देखकर दर्शक भाव विभोर हुए । पानी की शुद्धता कैसे होती है इसकी भी जानकारी पी एच ई के स्टाफ ओर अधिकारियों द्वारा दी जा रही थी । एसडीओ विशाल नेताम और उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव के द्वारा भी लोगो को जल जीवन मिशन के बारे में बताया जा रहा था ।

## राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन



**भिलाई, 6 नवम्बर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मंगलवार 5 अक्टूबर को रैली निकालकर कलेक्ट्रेट रायपुर के राजस्व विभाग में पदस्थ लिपिक प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या के दोषी अधिकारियों पर एफ आई आर करने तथा उपरोक्त अधिकारियों पर निलंबन की मांग को लेकर ज्ञापन राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम अपर कलेक्टर अरविन्द कुमार एक्का को सौंपा गया। मृतक से प्राप्त सुसाइड नोट में अधिकारी स्तर के तीन अधिकारियों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है एवं ब्राह्मण समाज को अपमानजनक और जातिसूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया गया एवं नेताओं से झूठी शिकायत कराई गई एवं खरोरा ट्रांसफर करा दिया गया। तत्संबंधी शिकायत तीन बार प्रत्यक्ष जाकर कराई गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अधिकारियों द्वारा प्रताड़ना जारी रहा। अंततः आत्महत्या जैसा कठोर कदम मजबूर होकर मृतक ने उठाया। इस प्रकरण पर सर्व ब्राह्मण समाज, सभी धर्म जाति, कर्मचारी व अधिकारी वर्ग में आक्रोश पैदा किया है। सर्व ब्राह्मण समाज ने ज्ञापन सौंपा और कहा कि मृतक प्रदीप उपाध्याय को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप में उक्त अधिकारी स्तर को जो इस में शामिल हैं उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एफ आई आर के साथ निलंबन की कार्यवाही की मांग रखी है और एडिशनल एस पी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन करके इस संपूर्ण मामले की जांच कराई जाए। इस कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी ने कहा कि यदि जल्द इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने पश्चात अपने विचार प्रभुनाथ मिश्रा, शशि कांत तिवारी, ज्योति शर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वा, राकेश शुक्ला, श्रीकांत सपरे, नागेंद्र पांडे, अजय शर्मा ने अपने विचार रख कर संबोधित किया और मृतक प्रदीप उपाध्याय के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राह्मण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज, राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, तेलुगु ब्राह्मण समाज, मैथिल ब्राह्मण समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिझौतिया ब्राह्मण समाज सहित समस्त ब्राह्मण समाज इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में शशिकांत तिवारी, राकेश शुक्ला, सुरेन्द्र शर्मा, प्रभुनाथ मिश्रा, रामलखन मिश्रा, अजय शर्मा, कुलकर्णी, आशीष त्रिपाठी, हेमंत तिवारी, सुभाष तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा, विश्वनाथ पाणिग्रही, सुमंत सत्पथी, समिति शर्मा, अभिषेक पांडे, लीना दुबे, सरोज चौबे, ज्योति शर्मा, श्रीकांत सपरे, राजीव चौबे, महेश दुबे, दिनेश मिश्रा, ज्ञानेश्वर मिश्रा, सुधीर दीक्षित, अतुल अवस्थी, नीरज शुक्ला, विभा मिश्रा, मनोज तिवारी, मृदुला शुक्ला, अमित मिश्रा, रामेश्वर शर्मा, हिमांशु त्रिपाठी, ब्रह्म तिवारी, बृजमोहन तिवारी, गिरीश पालेकर, नंदकिशोर शर्मा, नागेंद्र पांडे, अम्बिका प्रसाद तिवारी, मंजरी दुबे, समीर त्रिपाठी, रामेश्वर शर्मा, सतीश पांडे, माणिक मिश्रा, अनिल शुक्ला, विनोद शर्मा, विजय शुक्ला, अरविंद तिवारी, विवेक शर्मा, राजेंद्र पंडा,रमेश शर्मा, मुकेश तिवारी, निकिता शर्मा, योगेंद्र पांडे, सहित समस्त ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग के पदाधिकारियों एवं सदस्य गण उपस्थित थे।



### बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर दर्शक हुए भाव विभोर

**कवर्धा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सहसपुर लोहारा के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर दर्शक हुए भाव विभोर । डिप्टी कलेक्टर आर बी देवगन और डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्ष लता वर्मा ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए । सांस्कृतिक कार्यक्रम का मार्गदर्शन श्रीमती संगीता ठाकुर अधीक्षिका श्रीमती नम्रता वेद्य अधीक्षिका ने मार्गदर्शन किया और टीचर्स राजेश्वरी पटेल और सुनीता साहू ने भी मॉनिटरिंग की । और जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू और सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता और ए पी सी राजू चंद्रवंशी ने बच्चों के कार्यक्रम की तारीफ की और आशीर्वाद दिए ।

# अपनी विरासत को सहेजते हुए छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें:राज्यपाल

**■ विकास की सबसे बड़ी ताकत संस्कृति से मिलती है : मुख्यमंत्री**

**रायपुर, 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है और युवा अवस्था में ही इस राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया है। राज्योत्सव के मौके पर अपनी विरासत को सहेजने और छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें। नागरिकगणों से यह अपील राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने की। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री डेका ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। हमारे छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना को 24 वर्ष पूरे हो चुके हैं और यह हम सबके लिए ऐतिहासिक क्षण है। इन वर्षों में हमने एक मजबूत आधार बनाया है और अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने इस अवसर पर राज्य निर्माण का स्वप्न देखने वाले और इसके लिए संघर्ष करने वाले पुरखों को भी नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। जनजातियों, महिलाओं एवं युवाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए भी निरंतर पहल की जा रही है।



राज्यपाल ने कहा कि पिछले 23 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक ठोस धरातल निर्मित हुआ है। इस दौर में राज्य की सांस्कृतिक रूप से भी एक अलग पहचान बनी है। वर्तमान में भी सांस्कृतिक समृद्धि के लिए चहुंमुखी प्रयास किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक संसाधन पर्याप्त हैं, चाहे वन हो, खनिज हो या मानव संसाधन हो, सभी का उचित दोहन किया जाना अभी बाकी है। संसाधनों के दोहन के साथ ही हमें इस पर भी गहन चिंतन करना होगा कि विकास का पैमाना क्या हो। विकास की सतत् प्रक्रिया में प्रकृति के साथ संतुलन बना रहे, यह भी ध्यान रखना होगा। हम सबको आज संकल्प लेना होगा कि छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करेंगे। राज्य की उन्नति के लिए शांति जरूरी है, विगत कुछ वर्षों से नक्सल हिंसा से छत्तीसगढ़ का कुछ हिस्सा प्रभावित रहा है। इस हिंसा को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार साझा प्रयास किये जा रहे हैं। आशा है कि जल्द ही इस हिंसा से राज्य को मुक्ति मिलेगी और छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दौड़ में आगे बढ़ेगा।

राज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस राज्य को अग्रणी राज्य बनाने के लिए अधिक से अधिक योगदान दें साथ ही आज एक संकल्प लें कि अपने प्रदेश की, शहर की सार्वजनिक संपत्तियों, सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करेंगे, उसे संभालेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्योत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने संयुक्त मध्यप्रदेश के समय छत्तीसगढ़ में जन्म लिया और बड़े हुए वे लोग तब और अब के फर्क को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। उन्हें याद होगा कि किस तरह छत्तीसगढ़ में बार-बार अकाल पड़ता था। किसानों को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता था। सौभाग्य से जब अटल जी प्रधानमंत्री बने तो छत्तीसगढ़ की पीड़ा को समझा और अलग राज्य का निर्माण किया। 24 साल पूरे हो गये हैं। छत्तीसगढ़ विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कार्यक्रम में लोक कलाकारों को अधिकतम जगह दी है। इसके साथ ही छालीवुड और बालीवुड के कलाकारों को भी जगह दी है। मैं सभी कलाकारों का अभिनंदन करता हूँ। हमारी कला हमारे विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति इस मामले में बहुत समृद्ध है हमारे यहां हर विधा के कलाकार हैं। छत्तीसगढ़ में लोक गायन, लोक कला एवं सभी विधाओं को हमारी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। शिल्प ग्राम स्थापित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने तीज त्योहारों, देव स्थलों, मड़ई मेलों को भी सहेज रहे हैं। विकास के लिए सबसे बड़ी ताकत संस्कृति से ही मिलती है। संस्कृति हमें बताती है कि विकास की दिशा क्या होनी चाहिए। प्राथमिकता क्या होनी चाहिए, सोच क्या होनी चाहिए, दृष्टिकोण क्या होना चाहिए और लक्ष्य क्या होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक का आचार-विचार और व्यवहार संस्कृति ही तय करती है और इसी के अनुरूप नीति निर्धारण के लिए सरकार को प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लक्ष्य के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है उसमें संस्कृति को सबसे ज्यादा तवज्जो दी है। संस्कृति ही समाज में ताकत पैदा करती है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य के मामले में बेहद समृद्ध है। पर्यटन की यहां बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किस तरह से भगवान श्रीराम से जुड़े तीर्थों का विकास किया जा रहा है। माता शबरी और माता कौशल्या के धाम को संवारा जा रहा है। राजिम, सिरपुर, मधेश्वर, भोरमदेव, बारसूर आदि अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनका विकास किया जा रहा है।

## एक नजर

### प्रशासन जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर लगाम लगाए:शिवसेना

**मोहला 6 नवंबर।** शिवसेना प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार ने जताया चिंता शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रों मे लगातार बढ़ रही अपराधों को लेकर चिंता हो रही है,



बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन कि लाचारी साफ झलक रही है, जिला के शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रों मे लगभग हर गली, मोहल्ले, और ग्रामीण क्षेत्रो के गाँव-गाँव, ढाबाओं मे जमकर नशाखोरी, जुआ, सट्टा, नशीली गोलीयाँ, गांजा, सिलोशन, सूखा नशा का अवैध कारोबार व अवैध शराब कि बिक्री जिलो मे सर चढ़कर बोल रही है! नशा खोरी अपना पैर पसार रहा है, युवा वर्ग नशे के गिरफ्त मे आ रहा है साथ ही नशे की वजह से हत्या जैसे अपराध घटित हो रहे है पिछले कुछ ही दिनों लगातार शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों मे हत्या, आत्महत्या, सड़क दुर्घटना, लड़ाई-झगड़ा, चोरी का वारदात जैसे अपराध होना ये साबित करता है, की पुलिस प्रशासन का ग्रामीणों मे लाएन आर्डर नाम का कोई चीज नहीं है, सभी थाना क्षेत्रों मे गस्ती नाम का मात्र रह गयी है जिस पर शासन, प्रशासन पर सवाल उठाना लाजमी है, प्रदेश मे ज़ब से नई प्रशासक बैठी है तब से अवैध कारोबारी हत्या जैसा अपराध अपनी पैर पसार लिया है, शासन प्रशासन ऐसे जघन्य अपराधो जघन्य कार्यो पर रोक लगाए जिससे आम जनता अमन चैन से जीवन गुज़ार सके।

### चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 6 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक



राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे थाना क्षेत्र मे अवैध शराब जुआ सटटा,अवैध हथियार रखने वालो के विरूध कार्यवाही के निर्देशन पर थाना बसंतपुर प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर भ्रमण के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर आज दिनांक 05.11.2024 को आरोपी रतनेश सिंह ठाकुर पिता स्व0 भगत सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष सा0 ब्राम्हणपारा लकडी टाल के पास बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का रहने वाला , रानी सागर गौरव पथ बसंतपुर के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने पर उनके विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिर0 कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन ,उप निरी प्रमोद श्रीवास्तव , बी 9 पेट्रोलिंग आर0 1312 1028 की भूमिका सराहनीय रही।

### कृषकों से आर्थिक दंड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रचार, निराधार एवं असत्य

राजनांदगांव 6 नवंबर। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती नहीं करने पर कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जो निराधार एवं असत्य है। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किए गए है। इस प्रकार के भ्रामक प्रचार करते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न कृषक द्वारा आर्थिक दृष्टि से लाभकारी फसलों की खेती करने की इच्छा व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागीय अमलों को मक्का, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी फसलें लेने हेतु कृषकों को वैज्ञानिक खेती के लिए तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय समन्वय सुनिश्चित करने कहा है। इस संबंध में ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक परिचर्चा करते हुए कृषकों के मध्य मक्का, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी के फसले लेने के लिए कृषकों को प्रेरित करने निर्देशित किया गया है।


### अम्बेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा विभाग में आग लगने की घटना में मरीज एवं डॉक्टर सुरक्षित

**रायपुर. 6 नवंबर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तृतीय तल में स्थित न्यू ट्रामा विभाग में आज दोपहर लगभग 2.30 से 3.00 बजे बीच आग लगने की घटना घटित हुई थी जिसमें कोई भी मरीज एवं मेडिकल स्टाफ घायल नहीं हुआ है। घटना के दौरान वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। न्यू ट्रामा की जिस ओटी में आग लगने की घटना घटित हुई वहां ओटी के बाद साफ-सफाई करके ओटी को बंद कर दिया गया था। बगल में जो ओटी थी वहां पर ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन टीम में तीन-चार डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल थे। जैसे ही उन्होंने धुआं उठता देखा तुरंत इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके साथ प्रबंधन ने आग लगने की घटना के दौरान तुरंत तत्परता दिखाते हुए अस्पताल के स्टाफ की मदद से ओटी से लगे हुए खिड़की के ग्रिल को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर और कांच को तोड़कर मरीज एवं डॉक्टरों को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑपरेशन टीम के डॉक्टरों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी इसलिए उन्हें ऑब्जरवेशन में भर्ती रखा गया है। सभी लोग अभी सामान्य स्थिति में हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तत्परता से किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना घटित नहीं हुई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है परंतु प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एयर प्यूरीफायर एवं ए.सी. में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिस पर त्वरित काबू पा लिया गया था किंतु दोनों उपकरणों के प्लास्टिक बॉडी के जलने से कक्ष में अत्यधिक धुआं भर गया था। इस सम्बन्ध में अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिक को पत्र लिखकर घटनास्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के त्वरित निर्देश दिए हैं।

## कबीर पंथ के उदितमुनि नाम साहब पर हमले की साजिश निंदनीय, दोषियों पर सख्ती से कार्रवाई हो:तहसील साहू संघ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 6 नवंबर।** दिपावली त्यौहार के दिन बलौदाबाजार जिले के ग्राम दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को तहसील साहू संघ छुरिया के अध्यक्ष भुनेशवर साहू एवं श्री सत्य नाम साहेब कबीर विचार मंच भोलापुर के अध्यक्ष शीशुपाल साहू ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त सख्त से कार्रवाई करने की मांग की है । भुनेशवर साहू,शीशुपाल साहू ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति





का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उससे कबीर पंथी समाज के अनुयायियों की भावना आहत हुई हैं।

साहू ने कहा कि श्री प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें है । सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है ।

### वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित होंगी महिला कृषक अदिती कश्यप

**रायपुर 6 नवंबर।** कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पालीगुड़ा की रहने वाली महिला कृषक अदिती कश्यप को कल उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ नया रायपुर में राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव व विजय शर्मा की उपस्थिति में



वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। अदिती कश्यप ने केवल 10वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। अदिती कश्यप के पति पुलिस विभाग में कार्यरत है, जो वर्तमान में अम्बिकापुर में पदस्थ हैं। लेकिन पिछले 18 वर्षों से अकेले रहते हुए पालीगुड़ा खार रानीसागर के पास 15 एकड़ में खेती बाड़ी का काम स्वयं करती हैं। गृहणी होकर भी रोजाना खेत जाती हैं। फसलों में धान, चना, गेहूं, मक्का के अलावा उद्यानकी फसल भी लेती हैं। अदिती कश्यप ने पर्यावरण सुरक्षा में सहभागिता निभाने हेतु खेत के मेड़ों का सदुपयोग करते हुए नींबू, चीकू, आम, जामून, अमरूद, सीताफल, कटहल आदि फलदार वृक्ष रोपित किये हैं, जिससे पर्याप्त आमदनी होती है। अदिती कश्यप ने 1 एकड़ में 30 क्विंटल धान उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, वह भी उस क्षेत्र में जहां पहले प्रति एकड़ केवल 11 क्विंटल धान उत्पादन होता था।

## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में अपराधों का ग्राफ बढ़ा, गृह मंत्री इस्तीफा दे:भागवत साहू

**राजनांदगांव 5 नवंबर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों के ग्राफ पर भाजपा शासन को घेरा है। उन्होंने लगातार हो रहे अपराध के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से त्यागपत्र देने की मांग की है। श्री साहू ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों के लिए भाजपा द्वारा कांग्रेस को दोषी ठहराए जाने पर जवाब में कहा कि इसके लिए स्वयं भाजपा दोषी है। क्योंकि सत्ता सरकार पुलिस सब



उनके हाथ में है फिर भी अपराध नियंत्रण नहीं कर पाने के लिए विपक्ष पर यह कैसा दोसा रोपण है। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। हाल ही में बलौदाबाज़ार ज़िले के दामाखेड़ा में कबीर पंथ के सर्वोच्च गुरु प्रकाश मुनि नाम साहब के सुपुत्र उदित मुनि जी पर हुए हमले की घटना न केवल निंदनीय है। बल्कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। धार्मिक गुरुओं पर इस तरह का हमला समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर सीधा आघात है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह घटना दर्शाती है कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह असफल हो चुकी है। इस गंभीर घटना के बाद राज्य की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है और ऐसे में जिम्मेदार नेताओं और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की आवश्यकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग करता हूं। क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी थी कि प्रदेश के नागरिकों और धार्मिक गुरुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोरतम दंड दिया जाए। छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रशासन को और अधिक प्रभावी कदम उठाने होंगे। प्रदेश का हर नागरिक और धार्मिक स्थान सुरक्षित रहे यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।

### प्रभंजय चतुर्वेदी तथा बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्य पंडित ने सुमधुर गीतों से बांधा समां

**राजनांदगांव 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष



डॉ. रमन सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक श्री प्रभंजय चतुर्वेदी तथा बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित ने अपने सुमधुर गीतों से समां बांध दिया। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक श्री प्रभंजय चतुर्वेदी ने अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरं..., राम सिया राम जय जय राम... जैसे भजनों से शाम सुवासित हुई। वहीं बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित ने बड़े अच्छे लगते है, ये धरती, ये नदियां..., ये दिल कही लगता नहीं हम क्या करें..., पत्ता-पत्ता, बूटा-बूटा... जैसे हिन्दी फिल्मों पुराने मधुर गीतों से श्रोताओं को मुग्ध किया। संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा एक मीरा एक राधा..., अजीब दास्तां... जैसे गीतों की मोहक प्रस्तुति दी। श्री शरद श्रीवास्तव एवं टीम ने अपने गीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। विजेता शर्मा ने लक्ष्मण मसतुरिया के गीत मोर संग चलव रे... छूकर मेरे मन को... एवं कोरा कागज मन मेरा... जैसे गीत सुनाएं। वहीं कृति बख्शी ने गुंजी सी है, सारी सदा... जैसे गीत की मोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर योग की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री विनोद खांडेकर, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री राजेन्द्र गोलछा, पद्मश्री पुखराज बाफना, श्री भरत वर्मा, श्री किशुन यदु, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्री राधेश्याम गुप्ता, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्योत्सव

**मोहला 6 नवंबर।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । राज्योत्सव के अवसर पर पूरे जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिले वासियों ने इस अवसर पर एक दूसरे को राज्य स्थापना की शुभकामनाएं दी। स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के लिए जश्न मनाने का अवसर है, साथ ही साथ यह भूतपूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को नमन करने और उन्हें धन्यवाद देने का अवसर भी है। उन्होंने आगे कहा कि एक समय छत्तीसगढ़ में बार-बार अकाल पड़ता था, किसानों को रोजी-रोटी की तलाश में पलायन करना पड़ता था। मजदूरों को आंदोलन करना पड़ता था। आदिवासियों का शोषण होता था। युवाओं के पास रोजगार नहीं था। महिलाओं के पास अधिकार नहीं था। गांव में गरीबी पसरी हुई थी। शहरों में गंदगी फैली हुई थी।

## पंचमी तिथि में सर्वश्रेष्ठ हैं ज्ञान पंचमी:मुनि सुधाकर

**रायपुर 6 नवंबर।** स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 06/11/2024 ज्ञान पंचमी पर विशेष कार्यशाला व अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें मुनिश्री सुधाकर जी ने पंचमी तिथि में ज्ञान पंचमी तिथि के विशेष महत्व पर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को बोधित किया। मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि जैन दर्शन अनुसार आठ कर्मों में पहला कर्म है ज्ञानावर्णिय कर्म। ज्ञानावर्णिय कर्म को क्षय करने का माध्यम स्वाध्याय है। मुनिश्री ने आगे कहा कि आज विशेष योग ज्ञान पंचमी पर बन रहा है आज बुध्दि का दिन बुधवार भी है। मुनिश्री ने बताया कि ज्ञानावर्णीय कर्म बंधन के छः कारण है - ज्ञान का दान नहीं करना, ज्ञान और ज्ञानी की असाधना करना, ज्ञान प्राप्ति पर व्यवधान उत्पन्न करना, ज्ञान और ज्ञानी को रोकना, ज्ञान और ज्ञानी के प्रति विद्वेष की भावना करना, ज्ञान और ज्ञानी में दोष खोजना।

मुनिश्री ने कहा कि ज्ञान होने पर ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए। मुनिश्री सुधाकर जी ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को ज्ञान पंचमी पर पांच विशिष्ट मंत्रों का उच्चारण करते हुए अनुष्ठान करवाया जिससे बुध्दि का विकास व अर्जन हो सके।

तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने जानकारी दी कि मुनिश्री के सान्निध्य में आगामी 8 नवम्बर 2024 से उवसग्गहरं स्त्रोत आधारित भगवान पार्श्वनाथ की गौरवगाथा का विशेष आयोजन हो सकेगा। उसमें बताया जायेगा कि जैन धर्म में सबसे ज्यादा मंदिर व मंत्रों का निमार्ण पार्श्वनाथ भगवान पर ही क्यों हुआ है।



## डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के मंच में अलंकृत किया गया



**रायपुर 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 के अवसर पर लोककला के संरक्षण संवर्धन तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत नृत्य को मूल स्वरूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को सम्मानित किया गया। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा ÷लोक रंजनी÷ लोककला सांस्कृतिक मंच रायपुर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे वाद्य यंत्रों के अध्ययन पर संस्कृति विभाग नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2011 में जूनियर फैलोशिप सम्मान से सम्मानित किया गया। आपके मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक लोकगीत नृत्य सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी, भरथरी, भोजली, राउत नाचा, डंडा नृत्य, गेड़ी नृत्य, ककसार, मांदरी नृत्य, लोक थिएटर नाटक की प्रस्तुति देश भर के लोक महोत्सव एवं विभिन्न उत्सव में बहुत ही मनोहारी ढंग से प्रस्तुति दिए हैं। आपको सम्मानित होने पर इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ के कला जगत के अनेकों लोगों ने बधाई दी।

**विरोध में राजनांदगांव के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे दिया धरना**

## वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब पर हमले का प्रयास निंदनीय:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 नवंबर।** प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था के चलते स्थिति बद से बदत्तर हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार की लचर प्रशासन से कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। राज्य में लगातार अपराध गढ़ बन रहा है। बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से एक युवक की मौत गुरूचरण की मौत हुई है इसी तरह पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार कार्यालय जला दिया गया। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया ऐसी और भी कई घटनाएं हो चुकी है वर्तमान दीपावली पर्व में दामाखेड़ा में कबीर पंथ के आचार्य प्रकाशमुनी नाम साहेब के आश्रम में उपद्रवियों द्वारा हमले व दुर्व्यवहार किया गया जिसके विरोध में आज 05 नवंबर



को शहर के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा।

धरना-प्रदर्शन का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में विगत 10 माह में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से एक युवक की मौत तथा हाल में ही कबीर पंथ के वंशाचार्य उदितमुनी नाम साहेब के आश्रम दामाखेड़ा में उपद्रवियों द्वारा हमला व दुर्व्यवहार किया गया। इसी तरह प्रदेश में रोजाना कई आपराधिक घटनायें हो रही है जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार रोकने में पूरी तरह असफल हो चुकी है। आज के धरना-प्रदर्शन में राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति, हत्या, बलात्कार, डकैटी, चोरी के विरोध में कांग्रेसजनों ने राज्य की भाजपा सरकार को जमकर कोसा।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार और अवैध कारोबार का गढ़ बन गया है। भाजपा की सरकार आते ही नशा का कारोबार बढ़ा जिसके कारण अपराधिक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी और अपराध का ग्राफ बढ़ता गया सरकार इन लोगों को रोकने के बजाय शह देने का काम कर रही है जो भाजपा नेता पहले शराब की नदियां बह रही है बोलते थे वे आज कहां है कितनी शराब दुकान बंद हुई बताएं। आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। विष्णुदेव साय सरकार में ही अपराध लगातार सायं-सायं बढ़ रही है इनको रोकने व प्रदेश की माताएं, बहनें की सुरक्षा का हम कांग्रेसजन संकल्पित होकर कार्य करेंगे। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा की राज व विष्णुदेव साय के 10 माह की सरकार से छग के चहूंओर असंतोष व अराजकता डर का माहौल बन गया है। घुमका जो गौरव ग्राम कहलाता था वह आज नशा ग्राम बन गया भाजपा सरकार आते ही। कबीर पंथ गुरू ग्राम दामाखेड़ा में जिस प्रकार का माहौल बना है वह सोचनीय विषय है।

संपादकीय

# मोदी सरकार को डराने की कोशिश

तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद उसे डराने की कोशिश कई बार की जा चुकी है, कई बार कहा जा चुका है कि यह सरकार तो कुछ दिन की मेहमान है, यह सरकार तो कभी भी गिर जाएगी।लेकिन विपक्ष की सारी बातें झूठ साबित हुई हैं। मोदी सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं और वह देश हित व जनहित में मजबूती से काम कर रही है। इस देश में कई लोगों को मजबूत सरकारें पसंद नहीं आती हैं क्योंकि मजबूत सरकार उनकी हर बात नहीं मानती है, मजबूत सरकार को वह ब्लैकमेल नहीं कर सकते। मोदी की तीसरी सरकार हालांकि टीडीपी व जदयू के समर्थन पर टिकी हुई है। अक्सर अफवाह उड़ाई जाती रहती है कि दोनों में से कोई इस मुद्दे पर समर्थन वापस ले लेगा लेकिन कई मुद्दे आए गए दोनों सरकार के साथ है, मजबूती से सरकार के साथ हैं। कांग्रेस व विपक्ष के बाद अब मुसलमानों के प्रमुख संगठन सरकार को डराने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह सरकार कांग्रेस की सरकार नहीं है, यह सरकार वह तो करती नहीं जो मुसलमानों के संगठन चाहते है। इस सरकार को मुसलमानों के वोटों का जरा भी चिंता नहीं है, वह जानती है कि मुसलमान तो वैसे भी उसे वोट नहीं देते हैं, अब वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ मुसलमान संगठन नाराज भी हो जाए तो भाजपा को कोई राजनीतिक नुकसान नहीं होने वाला है। मुसलमानों के एक सगंठन ने संसद संत्र से पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जमीयत उलेमा ऐ हिंद भारत संविधान सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन पर वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार पर दवाब बनाने की कोशिश की है। सरकार ने जब से संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाया है, मुसलमानों के संगठन व मुसलमानों को अपना वोट बैंक मानने वाले उसे पास न होने देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। यदि विधेयक पास हो जाता है तो वह चाहते हैं कि उन्होंने जो संशोधन सुझाएं हैं, वह संशोधन विधेयक में होने चाहिए। वक्फ संशोधन विधेयक को रोकने की कोशिश तो संसद के भीतर कांग्रेस व मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाले सारे दल कर रहे हैं। जेपीसी की बैठक होती है तो हंगामा करते हैं, एक बार तो एक सदस्य ने कांच बोतल तोड़कर अध्यक्ष की तरफ फेंक दी थी। अब उन्होंने नया पैंतरा अपनाया है। उनको मालूम है कि संसद सत्र शुरू होने के पहले जेपीसी अपनी रिपोर्ट संसद को सौंप देगी। उनकी कोशिश है कि बैठक ही न होने दी जाए, ताकि समिति रिपोर्ट ही न सौंप सके। इसके लिए विपक्ष के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल की शिकायत करने की योजना बनाई है। वह बिरला से शिकायत करने वाले हैं कि उनको जेपीसी की बैठक में ठीक से सुना नहीं गया,इसलिए वह खुद को समिति से अलग कर सकते हैं। इस तरह वक्फ संशोधन विधेयक को एक तरफ जेपीसी समिति के जरिए रोकने की कोशिश की जा रही है। इसी के साथ अब संसद संत्र के पहले मुसलमान संगठनों ने दिल्ली में संविधान सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन कर अलग से सरकार पर दवाब बनाए की कोशिश की है कि वह इस विधेयक को पास कराने से बाज आए। सम्मेलन जरूर संविधान सुरक्षा के नाम पर था लेकिन मुसलमानों को गुमराह करने की कोशिश की गई कि सरकार की कोशिश वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करने की है।देश के लोगों को बांटने की है। इस सम्मेलन की भाषा ठीक राहुल गांधी की भाषा है। ऐसा लगता है कि मुसलमान नेताओं के रूप में राहुल गांधी ही बोल रहे हैं।मौलाना अरशद मदनी ने इस सम्मेलन में मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि हिंदू मुस्लिम भाई-भाई है, उन्हें बांटेंगे तो देश तबाह हो जाएगा। देश हिंदू,मुस्लिम,सिख,ईसाई की एकता पर चलेगा न कि नफरत व बांटने की राजनीति से चलेगा। इस सम्मेलन में मुसलमान नेताओं ने यह साफ किया कि उनको वक्फ व मदरसा मामले किसी तरह का बदवाल स्वीकार्य नहीं है। वह इसका हर स्तर पर विरोध करेंगे और हर स्तर पर इसके लिए लड़ाई लड़ेंगे। सम्मलेन में मुसलमानों को यह कहकर डराने की कोशिश भी की गई कि यह विधेयक पारित हुआ तो देश में मस्जिदों,मदरसों व कब्रिस्तानों के वजूद के साथ ही मुस्लिमों की पहचान भी खतरे में पड़ जाएगी। उनको इस बात से सख्त एतराज है कि वक्फ की संपत्ति के लिए दस्तावेज दिखाने संबंधी विधेयक में प्रावधान क्यों है, क्योंकि वक्फ की संपत्ति तो बरसों पुरानी है, उनके कागजात नहीं हैं।कागजात नहीं है तो उनको दिखाया कैसे जा सकता है। इससे साफ हो जाता है कि वक्फ के नाम पर संपन्न मुसलमान जो फायदा उठाते आ रहेहैं, वह चाहते हैं कि सरकार उसमें दखलंदाजी न करे. जैसा चल रहा है,वैसा ही चलने दी। वक्फ की संपत्ति का कागज नहीं है तो जैसे पिछली सरकार वक्फ जिसे अपनी संपत्ति बताता था, मान लेती थी, उसी तरह मोदी सरकार भी मान ले। कितनी अजीब बात है वक्फ की संपत्ति के कागजात नहीं है लेकिन वह वक्फ की संपत्ति है, कानून के अनुसार तो ऐसा होता नहीं है। संपत्ति जिसकी है, उसको कागजात तो दिखाना पड़ेगा। कागज न होने के कारण बहुत सारी वक्फ की संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी. यह संपत्ति सरकार ले लेगी,यह डर मुसलमान नेताओं को सता रहा है, क्योंकि वह इसको सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दे सकते। सम्मेलन में मोदी सरकार को यह कहकर डराने की कोशिश की गई है कि उसका समर्थन करने वाले टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू सेकुलर हैं, इसलिए वह इस विधेयक को पास कराने में सरकार को सहयोग नहीं करेंगे। यानी विपक्ष,मुसलमान संगठन सब की कोशिश है कि वक्फ विधेयक संसद में पारित न हो । लेकिन उनके बस में कुछ नहीं है, वह सरकार को डराने की कोशिश कर रहे हैं, मुसलमानों के वोट पर राजनीति करने वालों को डरा रहेहैं कि यदि आपने हमारा साथ नहीं दिया तो अगले चुनाव में मुसलमान आपको वोट नहीं देगा। मोदी सरकार वक्फ संशोधन के जरिए गरीब मुसलमानों का भला करना चाहती है, पर सब यही नहीं होने देना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि वक्फ की संपत्ति पर अमीर मुसलमानों का हक है और वही बने रहना चाहिए।

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# पाक समर्थित दहशतगर्दों पर नकेल डालने की जरूरत



पाक प्रेरित अमन के हत्यारे अभी भी देश के कई हिस्सों में दहशत फैला कर खून खराबा करने की कोशिश करते रहते हैं इस कड़ी में जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को बड़ा ग्रेनेड हमला हुआ जिसमें कम से कम 12 लोगों के घायल होने की खबर है। दरअसल घाटी में चुनाव के बाद से आतंकवादी गतिविधियां में तेजी देखी जा रही है। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न होना पडोसी देश पाकिस्तान की आंखों में चुभ रहा है। राजनीतिक फायदे के लिए नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस नेता राशिद अल्वी जैसे लोग मुठभेड़ में आतंकियों के एनकाउंटर पर उनको जिंदा पकडने का अपील कर रहे हैं इनकी आतंकियों के साथ हमदर्दी बड़ा नुकसान कर रही है। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर बीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह भी सुरक्षा की मद्देनजर शर्मनाक गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को नष्ट करने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट को प्रकट करती है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया चल्कि प्रवासी मजदूरों को भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गतित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को दूर करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा क्लों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही



है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी। गांदरवल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने बालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रक्ति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं। क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियत भरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेंस को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं। जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर यह संदेश दिया कि घाटी में लोकतंत्र महके, ना कि दहके। यह जनादेश आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्ति की चाहत का परिणाम है। राज्य की जनता ने अपनी उम्मीदों को लेकर सरकार चुनी और नैशनल कांफ्रेंस पर भरोसा जताया। नई सरकार के सामने जनता की उम्मीदों को पूरा करने की चुनौती तो है ही, सबसे बड़ी चुनौती तो आतंकवाद को जड़ से खत्म करना और ऐसा वातावरण सृजित करना है जिसमें आम आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और इस क्षेत्र में विकास की धारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। जम्मू-कश्मीर में गरीबी, अन्याय और आतंकबाद के खिलाफ अभी लम्बा सफर तय करना बाकी है।समय की मांग है अब जागरूक नागरिकों एवं सरकार को संयुक्त प्रयास करने की जरूरत है तभी आतंक के कायर शैतानों पर नकेल डाली जा सकती है वहीं आतंकियों के एनकाउंटर पर आंसू बहाने के नाटक कार नेताओं को भी सख्त हिदायत देनी चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में भी आप यदि बदलाव करना चाहते हैं, तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई मित्र आपके लिए किसी निवेश संबंधी योजना को लेकर आ सकता है, जिसमें आप बहुत ही सोच समझकर निवेश करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आप कुछ जरूरी कामों को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपके जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर आपको परेशानी रहेगी और भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आप अपने जरूरत के खर्चों को ही करें और अपने बेफिजूल के खर्चों पर लगाम लगाएं। आपका किसी पुराने विरोधी से लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी उलझन भरे कामों को करने को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। व्यापार में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। आप यदि किसी व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़े, तो इससे आपको समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपका परिवार में किसी सदस्य से यदि मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगा। किसी सदस्य के विवाह में आ रही समस्या भी आपके किसी मित्र की मदद से दूर होती दिख रही है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी लेनदेन पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद में आपको जीत मिलेगी। आपका विश्वास भरपूर रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दे, नहीं तो आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या बढ़ सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझेंगे। आपसे कुछ बेवजह का लड़ाई-झगड़ा हो सकता हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर सावधान रखना होगा। आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको मन मुताबिक लाभ मिलेगा। यदि आप किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आपको धन संबंधित किसी से कोई समस्या नहीं होगी। आपके पिताजी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश करना आपके लिए अच्छा रहेगा। संतान की तरक्की करते देख आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कामों को लेकर मनोबल ऊंचा रहेगा। आप प्रत्येक कार्य को करने के लिए तत्पर रहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको व्यापार में किसी सहयोगी से कोई बातचीत बहुत ही देखभाल कर करनी होंगी। आपको अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना होगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहे, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। राजनीतिक की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको काम की अधिकता रहने के कारण आप परेशान रहेंगे और किसी काम के चलते आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी दूसरे के मामले में यदि बोले, तो आप बेवजह वाद-विवाद में फंस सकते हैं। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो आप उसे भी काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहने रहेगा। आपके स्वास्थ्य में समस्याओं को यदि आपने नजरअंदाज किया, तो बाद में वह कोई बड़ी समस्या बन सकती है। आपके मन में खुशियां बनी रहेंगी आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में ढील बिल्कुल न दें, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कोई बड़े उपलब्धि हासिल हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए प्रेम सहयोग की भावना लेकर आएगा। आपको ऑफिस के कामों को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मनाने की कोशिश करनी होगी। परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर आप कुछ पारिवारिक कामों को लेकर बातचीत करेंगे। आपके परिवार में बड़े सदस्य कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी अजनबी से धन का लेन-देन ना करें, नहीं तो इसमें आपका धन फंसने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने रहने वाला है। आपको बिजनेस में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा, जिससे आपको निराशा हो सकती है। परिवार में संपत्ति को लेकर भाइयों में कोई मनमुटाव होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपने पिताजी से राय अवश्य लें। आपके मन में शांति बनी रहेगी। आपको अपने स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी से बेवजह न उलझें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो उससे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। परिवार में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए आप चुप रहें, तो ही बेहतर रहेगा। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें आपको वाहन सावधानी से चलाने की आवश्यकता है.

## विकासपुर के महान नायक

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



विकासपुर नाम का एक गांव था, जो सदियों से विकास की परिभाषा समझने के लिए जद्दोजहद कर रहा था। गांव वालों का मानना था कि विकास का असली मतलब वही होता है, जो नेता जी चुनावी भाषणों में समझाते थे– हर घर में बिजली, हर घर में पानी, और हर जेब में खनकती दौलत! बस यही सपने दिखाते हुए नेता जी वर्षों से गांव पर राज कर रहे थे। एक दिन, विकासपुर में एक नए प्रकार की घबराहट फैल गई। सुना गया कि विकासपुर में अंतर्राष्ट्रीय विकास सम्मेलन होने वाला है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के महान विचारक, वैज्ञानिक और नीति-निमार्ता शामिल होंगे। गांव वालों को तो जैसे यकीन ही नहीं हुआ। वे यह सोचने लगे कि विकास क्या सच में आ रहा है? या फिर यह भी कोई नया चुनावी स्टंट है? खैर, सम्मेलन का दिन आ पहुंचा। मंच पर कई बड़े-बड़े विचारक बैठे थे। कुछ का तो इतना बड़ा पेट था कि लगता था उनके अंदर ही पूरा विकास छिपा हुआ है। मंच के ठीक सामने, विकासपुर के गरीब किसान, मजदूर और बेरोजगार नौजवान बैठे थे, जिन्हें विकास का 'अ' भी नहीं पता था, लेकिन वे मन में पूरी उम्मीद बांधे बैठे थे कि अब तो कुछ करिश्मा जरूर होगा। सम्मेलन शुरू हुआ। पहले ही वक्ता, प्रोफेसर ज्ञानचंद विकासपुरी, ने माइक संभाला। उन्होंने कहा, विकास क्या है? यह एक मानसिक अवस्था है! जब आप अपने दिमाग को विकसित कर लेते हैं, तो विकास अपने आप हो जाता है। अब देखिए, मेरे पास तीन बंगले हैं, चार गाड़ियाँ हैं, और विदेश में भी संपत्ति है। यह सब मानसिक विकास का नतीजा है! गांव वालों ने आश्चर्य से एक-दूसरे की ओर देखा। यह आदमी क्या कह रहा है? एक किसान ने दूसरे से पूछा। हमारा पेट खाली है, और ये दिमाग भरने की बात कर रहा है! अगले वक्ता, श्रीमान योजना सिंह, सरकार के प्रतिनिधि थे। उन्होंने गर्व से घोषणा की, हमने विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। योजना नंबर 421 में हमने सड़क निर्माण का वादा किया था। अब वो सड़क कागज पर बन चुकी है, और अगले साल तक उसकी तस्वीरें भी जारी कर दी जाएंगी!सभी लोगों ने तालियाँ बजाईं। विकासपुर के बुजुर्गों ने कान पकड़ लिए। अरे भाई, ये सड़क कागज पर बन रही है, हम कहां चलेंगे? तीसरे वक्ता, डॉ. विज्ञानदास टिंबरवाला, जो विज्ञान के क्षेत्र में माने जाते थे, ने कहा, अब विकास के लिए हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए। अगर आपके पास स्मार्टफोन नहीं है, तो आप विकास से बहुत पीछे हैं। हमारी सरकार ने योजना बनाई है कि हर गरीब को एक ऐप दिया जाएगा, जिससे वो खुद को विकसित कर सके। ऐप में सब कुछ होगा–रोटी, कपड़ा, मकान, और यहां तक कि नौकरी भी! गांव का एक नौजवान जोर से हंस पड़ा। अरे भैया, हमें ऐप की नहीं, रोजगार की जरूरत है! ऐप से पेट नहीं भरता! फिर विकासपुर के प्रधान जी ने मंच संभाला। वह गांव के सबसे बुद्धिमान व्यक्ति माने जाते थे। उन्होंने एक गहरी सांस ली और कहा, देखिए, विकास की परिभाषा हमारे गांव में बहुत अलग है। हमारे लिए विकास का मतलब है कि नेता जी का चुनावी वादा पूरा हो, और हमारी जेब में कुछ पैसों का एहसास हो। जब तक हमारी जेब में पैसा नहीं आता, तब तक यह सब बातें हवाई किले ही हैं! सम्मेलन के अंत में एक बड़ा घोषणापत्र जारी हुआ। उसमें लिखा था, विकासपुर का भविष्य उज्जवल है। अगले पांच साल में विकास की गति तेज होगी, लेकिन अभी बजट में कमी है, तो थोड़ा सब्र करें! गांव के लोग हंसते-हंसते लौटे। एक बुजुर्ग ने कहा, हमारी विकास की यात्रा ऐसे ही चलती रहेगी। नेता जी के सपने हमें हमेशा बेचैन करेंगे, और हम हर बार इन्हीं सपनों में खोए रहेंगे! विकासपुर के लोग फिर अपने रोजमर्रा के काम में लग गए। विकास उनका पीछा करता रहा–कभी कागज पर, कभी ऐप में, और कभी भाषणों में।




समस्या

निर्मल रानी

# जानलेवा होता सड़क जाम



रोड टैक्स अदा किये बिना यदि आप सड़क पर अपना वाहन चलाते हुये पकड़े गये तो आपका चालान/जुमार्ना होना निश्चित है। और अब तो जगह जगह सड़कों पर लगे टोल वसूली बैरियर्स पर हर लेन में मोटे अक्षरों में लिख दिया गया है कि 'टोल दिये बिना भागने वाले से दस गुना टोल वसूली की जायेगी'। इसी तरह इन्शुरेन्स के बिना या कार सीट बेल्ट लगाये बगैर या दुपहिया वाहन से हैलमेट लगाए बिना आप चलते हैं तो भी चालान को दावत दे रहे हैं। गोया आपके वाहन में कोई भी कागज की कमी है फिर तो आपका सड़क पर निकलना चालान/जुमार्ना भरने को दावत देना है। यहाँ तक कि यदि किसी मजबूरीवश कोई वाहन स्वामी समय पर टैक्स नहीं दे सका तो सरकार उससे जुमार्ने के साथ टैक्स वसूल करती है? परन्तु सवाल यह है कि टोल व मार्ग टैक्स व कमेटी टैक्स आदि के नाम पर धन वसूली करने वाली सरकार इस वसूली के बदले में जनता को क्या देती है ?

जब हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें पता चलता है कि सड़कों पर कहीं गड्ढे हैं तो कहीं टोल पर लंबी लाइनें। सड़कों पर कई कई घंटों के लंबे जाम हैं तो उसी जाम में धुल,धुएं और प्रदूषण भरी घुटन। क्या इसी दुर्व्यवस्था के बदले सरकार आम लोगों से वाहन व उसके नाम पर अन्य टैक्स वसूलती है ? और सबसे बड़ी बात यह कि सरकार की गलत,पूंजीवादी व विवादित नीतियों का भुगतान आखिर जनता क्यों करे। उदाहरण के तौर पर गत एक वर्ष से पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर दिल्ली अमृतसर मुख्य मार्ग पर किसानों के कई संगठन धरने पर बैठे हैं। परन्तु हरियाणा की भाजपा सरकार उन्हें दिल्ली जाने के लिये हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही। 'दिल्ली सल्तनत' का फरमान है कि किसान दिल्ली से दूर रहें। हरियाणा सरकार उसी आदेश पर अमल करते हुये किसानों को बलपूर्वक शंभु बॉर्डर पर रोके हुये है। और इन्हीं किसानों के धरने के कारण सरकार ने देश का सबसे व्यस्ततम मार्ग रोक रखा है। किसानों की क्या मांगें हैं, सरकार क्यों पूरी नहीं कर रही, किसानों के दिल्ली जाने से सरकार को क्या परेशानी होगी ,इन बातों से आम लोगों का क्या वास्ता। वाहन टैक्स भरने वाले आम लोगों को तो बिना बाधा के सुचारु रूप से चलने वाला राजमार्ग चाहिये जो उसे सरकार नहीं दे पा रही है। नतीजतन अमृतसर -भटिंडा -जम्मू कश्मीर तक का वह ट्रैफिक जो राजपुरा -शम्भू -अम्बाला से गुजर कर दिल्ली की ओर निकल जाता था अब उसे राजपुरा -जीरकपुर से वाया चंडीगढ़ -डेराबसी-अम्बाला मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस मार्ग परिवर्तन के चलते चंडीगढ़ -अम्बाला मार्ग लगभग 24 घंटे बाधित रहता है। और टोल पर भी लंबी कतारें लगी रहती हैं। सवाल यह है कि फिर सब्ज बाग दिखाने वाली ऐसे निरर्थक खबरों से जनता को क्या



हासिल जो समय समय पर सरकार द्वारा अपनी पीठ थपथपाने के लिये विज्ञापनों के माध्यम से की जाती हैं कि देश में सड़कों का रिकार्ड निर्माण हो रहा है। सड़कों का जाल बिछ रहा है,आदि। यदि ऐसा है तो जाम की स्थिति क्यों ? कुछ समय से सरकार ने प्रदूषण कम करने के नाम पर 10 -15 वर्ष पुराने वाहन का चलन बंद करने का निर्णय लिया है। दिल्ली में तो इनका प्रवेश पूर्णतयः वर्जित है। इस नीति की आलोचना करने वालों का मत है कि यह नियम पूंजीपतियों के मुनाफे की खातिर बनाये गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा वाहन बिक सकें। उधर जगह जगह फाइनेंसर भी कार लोन देने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसे में सड़कों पर उधार की चमचमाती हुई नई गाड़ियों की कतार बढ़ना भी स्वभाविक है। सड़कों पर लगने वाले इन दमघोंटू और जानलेवा जाम का प्रभाव केवल यही नहीं होता कि जाम में फंसे लोग 2-4 घण्टों के जाम के बाद अपने घरों को पहुँच जाते हैं। जी नहीं, इन्हीं जाम में फंसी बसों में अनेक यात्री ऐसे होते हैं जो चंडीगढ़,हिमाचल या अन्य क्षेत्रों से बसों में बैठकर अंबाला छावनी जाते हैं जहाँ से उन्हें यू पी -बिहार या अन्य राज्यों की लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी होती है। परन्तु रोजाना के इस जाम में घंटों तक फंसी होने वाली बसों के अनेक यात्रियों की ट्रेन रोज छूट जाती है। जरा सोचिये कि मुश्किल से महीनों पहले कराया गया आरक्षित टिकट होने के बावजूद लंबी यात्रा करने वालों की ट्रेन छूटने पर उस यात्री व उसके सहयात्री परिजन व बच्चों को इस जाम की क्या कीमत भुगतनी पड़ती होगी ? कम से कम सत्ता का सुख भोग रहे नेताओं को तो शायद इस बात का बिल्कुल नहीं पता? इसी जाम में कहीं ऐम्बुलेंस फँस जाती है तो कोई अपनी परीक्षा या साक्षात्कार से हाथ धो बैठता है। खांसी दमे के तमाम मरीजों के लिये तो यह जाम दमघोंटू यहाँ तक कि जानलेवा भी साबित होता है। मगर सरकार के पास आमलोगों की इन परेशानियों का कोई समाधान नहीं। केवल एक चंडीगढ़-अम्बाला राजमार्ग ही नहीं बल्कि कहीं भी चले जाइये पहाड़ी क्षेत्रों में चंडीगढ़ - शिमला मार्ग हो या कुल्लू -मनाली मार्ग,एन सी आर में क्या गाजियाबाद तो क्या दिल्ली गुड़गांव या दिल्ली के चारों तरफ का करीब 50 किलोमीटर का इलाका तो रोजाना लगभग सारा दिन जाम का शिकार रहता है। इसी तरह देश के अन्य नगरों विशेषकर महानगरों में भी जानलेवा जाम लगे दिखाई देते हैं। क्या महाराष्ट्र,यू पी क्या बिहार तो क्या बंगाल हरियाणा पंजाब यानी देश का कोई भी राज्य ऐसा नहीं जहाँ खासकर शहरों व कस्बों में जाम न लगते हों।

फिर आखिर भारी टैक्स भरने के बावजूद भी यदि जनता को इसी तरह के जाम का सामने करना पड़े तो इसका जिम्मेदार कौन है। जाम के कारण लाखों लोगों को रोजाना जो भारी नुक़्सान व परेशानियां उठानी पड़ती हैं वह जनता अपनी फरियाद लेकर कहाँ जाये ? क्या यह हालात इस बात के लक्षण नहीं कि सरकार जनता से किसी न किसी बहाने टैक्स तो वसूल कर लेती है परन्तु उसके बदले में जनता को वह सुविधा मुहैय्या नहीं करा पाती जिसके लिये टैक्स वसूला गया है ? अतः निश्चित रूप से यह केवल सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता को जानलेवा होते जा रहे सड़क जाम से मुक्ति दिलाये।

एक नजर

## प्रबल प्रताप ने अपने सनातन धर्म से भटके 11 परिवारों की कराई घर वापसी



**पत्थलगांव, 6 नवंबर।** इतिहास साक्षी हैं कि जहां जहां हिन्दुओं का धर्मांतरण हुआ हैं,देश का वह भूभाग भारत से कट गया है,इसीलिए अपने पिता स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा चलाये गये मिशन घर वापसी अभियान को आगे बढ़ा रहा हूं,जब तक शरीर में प्राण हैं तब तक इसे आगे बढ़ाता रहूंगा। हिंदु कुल तिलक,घर वापसी मिशन के प्रमुख जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जुदेव ने एक बार फि़र बडे पैमाने मे धर्म से भटके लोगो का सनातन धर्म मे वापस कराया है। जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने 11 धर्मांतरित परिवार के सैकडो लोगो का सनातन धर्म मे पैर धोकर वापस कराया है। हजारो की संख्या मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि धर्मांतरण देश तोड़ने मे सबसे बड़ा खतरा है,इसीलिए घरवापसी अति आवश्यक है उन्होने कहा कि जब तक शरीर मे प्राण है हम घर वापसी के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा करते रहेंगे। अपने पिता स्व.दिलीप सिंह जूदेव के दिखाये पथ पर चलते हुये प्रबल प्रताप अपने धर्म की रक्षा करने के लिए हमेंशा तत्पर रहते है। समय-समय पर प्रबल प्रताप धर्मातंरण के खिलाफअवाज मुखर किये हुये है। दरअसल यह पूरा आयोजन समय-समय छ.ग. के विभिन्न जिलो मे आयोजित किया जाता है,जहा अपने धर्म से भटके लोगो को हिंदु धर्म मे पुनः प्रवेश कराया जाता है।।

## राज्योत्वस में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन

**महासमुंद 6 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की रसधार देर शाम तक बहती रही। मुख्य अतिथि श्री दयालदास बघेल, स्थानीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना श्री सम्पत अग्रवाल सहित अतिथि एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह सहित आला अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर रात तक आनंद लिया। कार्यक्रमों की पहली प्रस्तुति में राज्य की प्रसिद्ध महतारी लोक कला मंच, खरोरा के चन्द्रभूषण वर्मा एवं साथी कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को सजीव किया। इनकी रंगारंग प्रस्तुति ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और नृत्य की खूबसूरती को भी उजागर किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को छत्तीसगढ़ की परंपराओं से रूबरू कराया, जिससे दर्शकों में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। पैरी छुनछुन बाजे रे और परम्परागत छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में चार चांद लग गए।

समारोह में हास्य-व्यंग्य के जाने-माने कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे की प्रस्तुति ने खास आकर्षण पैदा किया। अपनी चुटीली कविताओं और अनोखे अंदाज में उन्होंने सभी का मन मोह लिया और हंसी के ठहाकों से पंडाल गूंज उठा। उन्होंने कहा कि महासमुंद से मेरा पुराना नाता है और यहां वे आते रहें हैं। उन्होंने अपने व्यंग भरे लहजे में नेताओं और अधिकारियों को भी नहीं बख्शा। समाज के वर्तमान परिस्थिति को बखूबी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनके साथ मंच पर राज्य के कई प्रसिद्ध कवियों ने भी अपनी कविताओं से समां बांधा। कोरबा की किरण सोनी, मुंगेली से देवेन्द्र प्रसाद वीर रस में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं कवर्धा के अभिषेक पांडेय ने भी अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कवियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि देशभक्ति और संस्कृति का गहरा संदेश भी दिया।

समारोह के अंत में अलंकार बैंड पार्टी बिलासपुर के युवा कलाकारों की संगीतमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीत से सराबोर कर दिया। उनके संगीत की धुनों पर देर शाम तक दर्शक झूमते रहे और कार्यक्रम में उत्साह का संचार होता रहा। बैंड पार्टी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संगीत को आधुनिक स्पर्श देकर दर्शकों के दिलों दिमाग में एक यादगार छाप छोड़ दी।

# सांसद महेश कश्यप माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर राज्योत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 नवंबर।** बस्तर सांसद महेश कश्यप अपने एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंचे 7 सर्वप्रथम दंतेवाड़ा आगमन पर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन किये साथ ही पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि का आशीर्वाद माँगा 7 तत्पश्चात सांसद महेश कश्यप ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर कुशलछेप जाना 7 दंतेवाड़ा के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता कुलदीप ठाकुर के छोटे भाई उप सरपंच स्व॰ कमलोचन ठाकुर के निवासस्थान ग्राम बालूद पहुँचकर तेरहवीं में शामिल हो कर श्रद्धांजलि अर्पित की।छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन पर दंतेवाड़ा में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित खिचड़ी भंडारे आयोजन में शामिल हो कर सांसद ने वितरण भी किया। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जगदलपुर में धूमधाम से मनाया गया राज्योत्सव



**जगदलपुर 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्योत्सव 2024 का आयोजन जगदलपुर के सिटी ग्राउंड में किया गया। इस भव्य आयोजन में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागाँव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस राज्योत्सव में चार चांद लगाए, जिसमें स्कूली बच्चों और लोक नर्तक दलों की शानदार प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम में सुश्री उसेंडी ने कहा कि राज्योत्सव के अवसर 24 साल में छत्तीसगढ़ के निर्माण करने वाले विभूति पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी को नमन करते हुए राज्य और जिलों के निर्माण और विकास में योगदान के लिए आभार व्यक्त की। प्रदेश विकास की ऊँचाइयों को छुए यही हमने कामना की है, राज्य ने कई आयाम को पाया है। हमारे सरकार के समय कई विकास के कार्य हुए जिसका लाभ बस्तर को भी मिला। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री के द्वारा आत्मनिर्भरता पाठ के साथ उस पर कार्य करने की पहल की गई है और भी कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाया जा रहा है। साथ ही हमे विकसित भारत के संकल्पना में सारे इंडिकेटर को पूरा कर देश और प्रदेश को विकसित बनाने का प्रयास करना है जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम में सभी को राज्योत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सफिरा साहू ने भी सभी नगर और प्रदेशवासियों को 24 वर्ष राज्योत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान है, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर से परिपूर्ण राज्य के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे ही हमारे बस्तर क्षेत्र को भी जाना जाता है, राज्योत्सव के इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमारे बस्तर की छवि को प्रदर्शित करने वाले प्रमुख लोक नृत्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है, इसके लिए सभी को बधाई। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में कलेक्टर श्री हरिस एस ने बताया कि जिले में हमने विभागीय योजनाओं और नवाचारों के द्वारा कई विकास कार्यों को गति दी है जिसका संक्षिप्त प्रदर्शन विभागीय स्टालों के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर नागरिक सशक्त और आत्मनिर्भर बने, अपने हुनर और सामर्थ्य को पहचाने। साथ ही बस्तर क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन, लोक कला, नृत्य शैली व सांस्कृतिक परंपरा को संरक्षण कर सांस्कृतिक धरोहर को देश-विदेश में प्रदर्शित कर नाम कमाया है। इस राज्योत्सव के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण, लोक कला-संस्कृति का संदेश देना चाहते हैं ताकि आने वाले पीढ़ी को इस धरोहर का लाभ दे सकें। इस अवसर पर गणमान्य जनप्रतिनिधि, एमआईसी के सदस्य-पार्षदगण, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और बहुसंख्यक नागरिकगण उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी लगाई, जिससे आम जनता को इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित श्री धरमपाल सैनी को धुरवा तुवाल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले लोक नर्तक दल, स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र सहित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।





# वनमंत्री केदार कश्यप के जन्मदिवस पर हुए अनेक आयोजन

■ बधाई संदेशों के बैनर पोस्टर से सजा नगर

■ स्कूली बच्चों, मरीजों व उनके परिजन को कराया भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर.6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। नगर को बधाई संदेश के पोस्टर बैनर से सजा दिया वही चौक चौराहों में नगर वासियों को मिठाइयां बांटने के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को न्योता भोज व जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों को भोजन कराया साथ ही जगदीश मंदिर , हनुमान मंदिर , राम मंदिर , गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना व गुरुद्वारा में मत्था टेककर वन मंत्री के दीर्घायु के लिए कामना किया गया । इस दौरान भाजपा पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## शांत प्रदेश में अशांति फैलाने का प्रयास न करें कांग्रेस: भाजयुमो



**बीजापुर, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजयुमो ने विधायक बंगला चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी शांत प्रदेश में अशांति फैलाने का कार्य कर रही है।भाजयुमो का कहना है कि जिस तरह से दामाखेड़ा स्थित संत कबीर आश्रम में असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ करते हुए कबीर पंथ के आचार्य श्री उदित मुनि साहेब पर हमला किया गया था। उक्त घटना के आरोपी कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने की बात सामने आई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।कांग्रेस हमेशा से समाज मे नफरत फैलाकर राजनीति करने का प्रयास में रही है,आज प्रदेश का शांत माहौल को अशांत करने तरह-तरह का षड्यंत्र के साथ कांग्रेस प्रत्याशी कुकृत्य कर रही है। जिसका भाजयुमो पुरजोर विरोध करती है,अगर कांग्रेस पार्टी की यही रवैया रही तो भाजयुमो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी,शांत प्रदेश में अशांति फैलाने की कुनीति न करें कांग्रेस।पुतला दहन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष बलदेव उरसा,युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य फूलचंद गागड़ा,सोनू बघेल,हरीश बेलसरिया,बाबू स्वामी,गोलू नाग,मथियस कुजूर,तिरथ कुमार,कृष्णा रामटेके,लालू पोडियाम,हरे कृष्णा मुंड,हितेंद्र नाग,हरीश निषाद,रामधर जुर्री समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## ग्रामीण की लाश मिली, जांच जारी

**सुकमा, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के थाना गादीरास क्षेत्र में एक ग्रामीण की लाश मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई सुकमा गादीरास ईलाके में एक ग्रामीण की लाश मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई है लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है मामला गादीरास थाना क्षेत्र के गोंडेरस गांव के नेमडीपारा मंगलवार की सुबह एक ग्रामीण की लाश मिली सूत्रों के अनुसार नक्सलियों द्वारा ग्रामीण की हत्या करने की बात सामने आ रही है पुलिस मौके पर पहुंच गई है अब पुलिस ग्रामीण की हत्या नक्सलियों द्वारा की गई है या आपसी रंजिश के चलते हत्या हुई है इस पर जांच पुलिस कर रही है फिलहाल इस मामले का खुलासा जल्द करने की भी बात सुकमा पुलिस कप्तान किरण चव्हाण ने की है।



## छत्तीसगढ़ में दिसम्बर-2024 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**बीजापुर, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindianarmy.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बीडीएस टीम ने बम बरामद किया

**बीजापुर, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीडीएस बीजापुर की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन और डिमाईनिंग के लिए सावनार से कोरचोली की ओर निकली थी।डी-माईनिंग के दौरान बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा 05 किग्रा का 01 IED बरामद किया गयामाओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने की नीयत से IED लगाया गया थाप्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था द्ध्श्वष्ठ, बीडीएस टीम द्वारा IED बरामद कर मौके पर किया गया निष्क्रिय सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से IED बरामद कर सुरक्षित निष्क्रिय किया गया ।



# गिरदावरी का सत्यापन स्वयं अधिकारी खेतों में पहुंच कर करें,लापरवाही बर्दाश्त नहीं:कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 6 नवंबर।** आज आयोजित समय सीमा की बैठक में जिलाधीश ने कुछ बिंदुओं पर प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा धान खरीदी के सत्यापन के वक्त किसी भी किस्म की कोई लापरवाही ना बरती जाएं अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ सत्यापन कार्य करें अन्यथा गलत पाए जाने पर उन अधिकारी कर्मचारियों पर तत्काल कार्यवाही किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर मैनपुर के जनपद सीईओ पर जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैनपुर विकासखंड हर कार्यों में पीछे है और जनपद पंचायत को इसे जल्द ठीक करना चाहिए अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाएगा अन्य विकास करो के मुकाबले मैनपुर विकासखंड हर क्षेत्र में पीछे है इस अवसर पर जिलाधीश ने अनुकंपा नियुक्ति की कार्यों में प्रगति लाने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया ।साथ ही कहा जिले की जमीनो का गिरदावरी का सत्यापन प्रमुखता से करें और खेतों में अधिकारी स्वयं की उपस्थिति में इसे पूर्ण काराये इन कार्यों में किसी भी किस्म की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।आज टी.एल बैठक प्रारंभ होते ही जिलाधीश ने समस्त अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि वह आम जनों को सफलतापूर्वक राज्य उत्सव संपन्न होने पर बधाई दी साथ ही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिले में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।जिले की एक-एक समस्या आम जनों की समस्या है उसे दूर करें उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री कलेक्टर जनदर्शन व उच्च कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक निराकरण करें।पशु जमावडा स्थलों पर विशेष निगाह रखें आवारा पशुओं पर कार्यवाही करें साथ ही पशु चिकित्सा विशेष ध्यान रखें। एम पी सूर्य घर का व्यापक प्रचार प्रसार हो तथा इसका समुचित लाभआम जनों को मिले इस पर भी नगर रखें ।वन अधिकार पट्टा को लेकर कहा कि जल्द बैठक कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा करें ।इस अवसर पर जन औषधि छुरा और देवभोग में यह प्रारंभ किया गया है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं ।उन्होंने कहा कस्टम मीलिग के लिए समय बढ़ाया गया है इसलिए जल्द से जल्द कस्टम मिलिंग करा लिया जाये । धान खरीदी के सत्यापन पर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि अधिकारी स्वयं की उपस्थिति में सत्यपति करें और उसके महत्व को समझे ।साथ ही समस्त एसडीएम को कहा कि क्षेत्र मे होने वाले शिविर के में प्रत्येक पात्र हितग्राही को पूरी तरह से लाभ मिले तथा गांव-गांव में शिविर की मुनादी कराया जाए अनुकंपा नियुक्ति को लेकर के भी उन्होंने पात्र लोगों को जल्द से जल्द लाभ मिलने की बात कही।

# चैतराम अटामी ने दीप जलाकर राज्योत्सव का शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 6 नवम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री अटामी ने दीप प्रज्जवलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व श्री अटामी ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों में पहुंचकर विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री चैतराम अटामी ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 01 नवम्बर 2000 में हुआ था, तब से लेकर 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा और विकसित राज्य बनाने की पहल ने सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि 24 वर्षों का यह उत्सव और राज्य निर्माण का यह श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य में शामिल है और प्रदेश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। मुख्य अतिथि विधायक श्री अटामी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं से छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में सीधी राशि जमा करने के साथ ही उन्हें नकद भुगतान भी किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सहित बस्तर के 75 दिन चलने वाले ऐतिहासिक दशहरा देश-दुनिया में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य होने के कारण ''धान का कटोरा'' कहलाता है। भगवान श्री राम के 14 वर्षों के वनवास में 10 वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ में बिताए। उन्होंने कहा कि जिले में शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे लोगों को जाति, निवास और अन्य प्रमाण पत्र आसानी से मिल रहे हैं। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी सुकमा जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। माओवाद हिंसा में शहीद हुए लोगों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है और नियद नेल्लानार योजना के तहत गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विधायक श्री अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्री अटामी ने अपने करकमलों से सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने स्वागत उदबोधन देते हुए जिले की विकास सम्बन्धी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और हमारा प्रदेश सभी दिशाओं में चहुंमुखी विकास कर रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, किसानों के विकास सहित शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए कार्य किए गए हैं। प्रदेश ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं और सुकमा जिले में बहुमुखी विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि आवास योजना, नियद नेल्लानार योजना के तहत बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। माओवाद पीड़ितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा ही है। किसानों को बोनस और समर्थन मूल्य का भुगतान हुआ। शिक्षा सुविधाओं को बेहतर करने सहित कोचिंग योजनाओं के तहत कई विद्यार्थियों ने सपना को साकार किया है। इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्री जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती आयशा हुसैन, श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकाम, श्री अरूण सिंह भदौरिया, श्री मनोज देव, श्री विश्वराज सिंह, श्री सन्नू कोरसा,श्रीमती माड़वी बारसे, श्री दिलीप पेद्दी, श्री संजय शुक्ला, श्री डमरू नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### सिरजन संस्थान ने चंदा एकत्र कर गौकरण मानिकपुरी को इलाज के लिए 8 हजार रुपये का किया सहयोग



**राजिम, 6 नवंबर।** सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद के लोक कलाकारों ने जिला सिरजन के संस्थापक ग्राम फुलझर निवासी लोक कलाकार/साहित्यकार गौकरण मानिकपुरी के अस्वस्थता और आर्थिक अभाव ग्रस्त स्थिति को देखते हुए पैसा एकत्र कर 8 हजार रुपए का किया सहयोग।यह सहयोग को उनके घर आकर संगठन के सभी प्रमुखों ने दिया।जिसके लिए मानिकपुरी के परिजनों ने संगठन का आभार माना है। इस अवसर पर प्रदेश सिरजन के केन्द्रीय प्रतिनिधि डा ईश्वर तारक जिला संगठन के कोषाध्यक्ष चैतू राम तारक सचिव यश कुमार साहू बाबू लाल साहू ब्लाक ईकाई गरियाबंद प्रमुख गिरवर ध्रुव फिंगेश्वर ईकाई से तुलेश्वर घृतलहरे छुरा ईकाई प्रमुख पवन घृतलहरे अन्य प्रमुखों में माखन लाल साहू शंभू राम टोण्डरे गणेश राम डाहिरे नंदकुमार ध्रुव दशरथ तारक विरेन्द्र तारक जागेश्वर शरण मोहन मुरारी मानिकपुरी भागवत राम सेन बृज लाल सिन्हा गोपाल राम साहू कु दामिनी मानिकपुरी देवलाल बंजारे कमला बाई मानिकपुरी जमुना तारक ऋतु बाई तारक गंगा बाई तारक उमेन्द ध्रुव सहित पूर्वा संदेश नाचा पार्टी कुसुमबुडा गरियाबंद और सुआ नृत्य दल बेलरदोना मगरलोड के कलाकार उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रायगढ़, 6 नवम्बर।** छ.ग. राज्योत्सव के मौके पर, रायगढ़ जिले में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ को एक स्टॉल आबंटित किये जाने के उपरान्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन के दिशा-निर्देशन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में, आबंटित स्टॉल में पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। स्टॉल में बंदियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत अधिकार, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित योजनाएँ, नालसा हेल्पलाईन 15100, लोक अदालत, वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार, मानसिक अयोग्यता से पीडित व्यक्तियों के लिये कानूनी अधिकार, मध्यस्थता, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम, प्रथम सूचना रिपोर्ट, अभिवाक् चर्चा, बाल-विवाह आदि जैसी विभिन्न योजनाओं को पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित

# राजिम परसवानी पुल में निकली छड़, कभी भी घट सकती है गंभीर दुर्घटना

■ पुल की सड़क के जॉइंट में कहीं तो कहीं उभार, सड़क पर निकल आई है नुकीली गिट्टी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,6 नवंबर।** राजिम परसवानी चौबेबांधा पुल से आवागमन करने वाले राहगीर डरे हुए हैं। उनके भयभीत होने का मुख्य कारण पुल के जॉइंट पर निकले छड़ हैं। उल्लेखनीय है कि इस पुल से होकर धमतरी, गरियाबंद और रायपुर जिला के हजारों राहगीर प्रतिदिन आवागमन करते हैं। बताना होगा कि राजिम परसवानी पुल चौबेबांधा में पैरी, सोंढूर नदी पर बना हुआ है। सन् 2005 में मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह ने इनका लोकार्पण किया था। पुल को स्वीकृति दिलाने में संत कवि पवन दीवान ने बहुत मेहनत किया था उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में नाबार्ड से रुपए स्वीकृत कराकर पुल के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। पंडित श्यामाचरण शुक्ल अविभाजित मध्य प्रदेश में 3 महीने के मुख्यमंत्री बने थे तब उन्होंने इनका भूमि पूजन किया था। 19 साल के यह पुल रखरखाव के अभाव में दिन-ब-दिन जर्जर होते जा रहे हैं। परंतु जिम्मेदार विभाग की अनदेखी का खामियाजा आम राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। इस तरह से रोड निकलना और लोगों को परेशानी से जूझना कोई नई बात नहीं है। बताया जाता है कि आज से 3 महीना पहले और छड़ निकला हुआ था जिन्हें सीमेंट डालकर ढक दिया गया था। सीमेंट डालने के बाद उसमें पानी भी नहीं डाला गया। कुछ ही दिन यह ठहरे उसके बाद फिर से





ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो गई। अब दिनों दिन इनका आकार बढ़ रहा है यही स्थिति रही तो कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घट सकती है। इन्हें लेकर राहगीर बहुत चिंतित है।

### उच्च स्तरीय पुल की सड़क में नुकीली गिट्टी

जानना जरूरी है कि साढ़े चार करोड़ की लागत में पुल का निर्माण शुरू हुआ। उस समय छत्तीसगढ़ राज्य अलग नहीं हुए थे जब यह बनकर तैयार हुआ तब मध्यप्रदेश से अलग राज्य मिला। बताया जाता है कि धमतरी पीडब्ल्यूडी विभाग के देखरेख में इन्हें छोड़ दिया गया था लेकिन अब राजिम पीडब्ल्यूडी विभाग के अंडर में है। यहां से चंद किलोमीटर की दूरी पर इनका उपसंभागीय कार्यालय राजिम में मौजूद है। 500 मीटर लंबी पुल पर गिट्टी और डामर कुछ साल पहले बिछाई गई थी। डामर उखड़ चुकी है गिट्टी भी धीरे-धीरे करके निकल रहे हैं अब यह नुकीली गिट्टी पैदल चलने वालों के पांव में चुभ रहे हैं। परसों दो राहगीर बिना चप्पल के ही पुल पार कर रहे थे उनके पांव में गिट्टी ऐसा चूभा कि उनको अस्पताल जाना पड़ा। तब उन्हें राहत मिली। खास बात यह है कि इसमें जितने स्तंभ बनाए गए हैं उतनी जॉइंट है और इन जॉइंट में कहीं पर गड्ढे हैं तो कहीं पर उभार अघोषित स्पीड ब्रेकर बन गए हैं। अन्य पुल की भांति इसे पार करने में गाड़ी को स्लो करना पड़ता है धोखे से भी रफ्तार को तेज किया तो कभी भी गिर सकते हैं।

### स्कूली विद्यार्थी करते हैं आना-जाना

जिला के स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में इसी मार्ग का उपयोग कर आना जाना करते हैं। बताना होगा कि राजिम और नयापारा दोनों शहर बिल्कुल लगा हुआ है इस लिहाज से लोग 24 घंटे छोटे बड़े कामों के लिए आवागमन करते रहते हैं। अल सुबह से ही राहगीरों की लाइन लग जाती है। सुबह शहरों में काम करने वाले लोग साइकिल एवं मोटरसाइकिल में ज्यादा संख्या में अपने गंतव्य स्तर तक पहुंचाते हैं।

### साफ-सफाई का अभाव

साफ सफाई का अभाव देखा गया है वहां उपस्थित रामलाल, धर्मेंद्र, रामकुमार ने बताया कि पुल की साफ सफाई हर वर्ष मेला के समय होता था पिछले साल तो सफाई का नाम ही नहीं था। वर्तमान में भी बड़ी मात्रा में रेत, गिट्टी, ईंट के टुकड़े इत्यादि पड़े हुए हैं। सुरक्षा घेरा के पाइप लाइन को भी कई जगह से काट कर ले गए हैं। वैसे यह पुल भगवान भरोसे ही है। बताना होगा कि अभी दिवाली के समय से वजनी रेत हाईवा बंद है। धमतरी जिला से होकर प्रतिदिन सैकड़ो वजनी हाईवा चलती है जिसके कारण भी लोग डरे हुए हैं कि कहीं यह पुल की स्थिति भी मेघा पुल जैसे ना हो जाए।

# राज्योत्सव में जिले के कवि मौका नहीं मिलने से हुए रुष्ट

**राजिम 6 नवंबर।** इस बार राज्योत्सव में प्रत्येक जिला मुख्यालय में 5 नवंबर दिन मंगलवार को ही मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए लेकिन कहीं भी कवि सम्मेलन जैसे साहित्यिक एवं गुदगुदाने वाले कार्यक्रम नहीं हो पाए। वैसे भी जिले में अनेक साहित्य समितियां है बावजूद इसके कोई साहित्यिक कार्यक्रम नहीं हो पाएं, जिससे जिले के कवि रुष्ट दिखाई दिए। बताया जाता है कि खुद गरियाबंद जिला में जिला स्तरीय साहित्य समिति में पूरे जिले भर से वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कवि का जुड़े हुए हैं। इस संबंध में रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति ने बाकायदा राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात किया और राज्य उत्सव में जिला मुख्यालय गरियाबंद में कवि सम्मेलन कराकर मंच देने का आग्रह किया जिसे विधायक ने तुरंत स्वीकार करते हुए अनुशंसा किए कि हमारे जिले के कवियों को साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित कर मौका दिया जाना चाहिए। बताना होगा कि अधिकारियों ने इस प्रपत्र को गंभीरता से नहीं लिया नतीजा कवियों को निराश होना पड़ा है। रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद थी कि जिले के कवियों को कविता प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। हर आदमी यही चाहता है कि वह अपने घर में प्रस्तुति दें। लेकिन कवि सम्मेलन आयोजित नहीं करके स्थान नहीं देने से जिले के कवि हताश हुए हैं। हमारी समिति द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि इस जिले की पहचान साहित्यिक जिला के माध्यम से हो। कवि ही है जो रचना करते हैं जिन्हें गायक गीत के रूप में गाते हैं। जिले की इतिहास, संस्कृति और संस्कार को फोकस करने का काम कवि एवं साहित्यकार ही कर रहे हैं। गीतकार टीकमचंद सेन ने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि चाहे राज्य उत्सव हो या राजिम कुंभ कल्प मेला स्थानीय की उपेक्षा लगातार होती जा रही है। यदि कवि सम्मेलन हो भी जाए तो टोटल बाहर के कवियों को बुलाया जाता है। स्थानीय को प्रशासन भूल जाते है। हम विधायक को धन्यवाद देते हैं कि हमारे निवेदन को उन्होंने स्वीकार किया। कोषाध्यक्ष गीतकार पुरुषोत्तम चक्रधारी, महासचिव कवि फनेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल, उपाध्यक्ष भुवन लाल श्रीवास, संरक्षक नूतन लाल साहू, डां मुन्नीलाल देवदास, सहसचिव विजय कुमार सिन्हा, भोज साहू , कमलेश कौशिक, प्रदीप कुंवरदादा इत्यादि ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि शासकीय कार्यक्रमों में भी जिले के कवि एवं साहित्यकारों को मंच देकर अवसर प्रदान किया जाए।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं परिचारक अनुपस्थित

**रायगढ़, 6 नवम्बर।** पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं परिचारक लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। इस संबंध में उन्हें कई बार नोटिस पत्र भेजा गया किन्तु आज दिनांक तक उक्त दोनों कर्मचारी अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ ने दोनों कर्मचारियों को अंतिम सूचना पत्र देते हुए 7 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया है। अन्यथा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती पदमनी धुर्वे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु औषधालय-नूनदरहा, विकासखण्ड तमनार, जिला-रायगढ़ 9 अप्रैल 2015 से तथा श्री सीताराम एक्का, परिचारक, पशु चिकित्सालय जतरी, विकासखण्ड-पुसौर, जिला-रायगढ़ 1 मार्च 2015 से अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। दोनों कर्मचारियों को उनके मूल निवास के पते पर रजिस्टर्ड नोटिस पत्र भेजा गया था, किन्तु आज दिनांक तक वे अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए है।

## मुख्य अतिथि दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन

**महासमुन्द 6 नवंबर ।** जिला मुख्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने विभागीय कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना श्री संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री श्री पूनम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष महासमुंद श्री यतेंद्र साहू, बागबाहरा श्रीमती स्मिता चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीइओ श्री एस. आलोक मौजूद थे।खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, वन, उद्योग, और ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शित योजनाओं और तकनीकी नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से किसानों के लिए प्रस्तुत की गई योजनाओं और नई कृषि तकनीकों पर रुचि दिखाई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाने का प्रयास करें। मंत्री श्री बघेल ने महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल का अवलोकन करते हुए महिला दीदीयों से चर्चा की तथा समूह की दीदीयों द्वारा बनाई गई सामग्रियों की प्रशंसा की। समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर मंत्री श्री बघेल ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए।

## सभी छात्रों के अपार आईडी बनाने का कार्य जल्द करें पूर्ण:कलेक्टर



**रायगढ़, 6 नवम्बर।** कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के अपार आईडी निर्माण के संबंध में जानकारी ली। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में आईडी बनाने का काम जारी है। नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। अपार आईडी बनाने में रायगढ़ जिला प्रदेश में सबसे आगे चल रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों के नियमित अटेंडेंस की निगरानी के लिए कहा। साथ ही यूनिट टेस्ट के परिणामों का विश्लेषण कर स्कूलों के प्रदर्शन की रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए। बैठक में जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि माह में दो बार जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर शिविर के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों की विभागीय स्तर पर स्क्रुटनी कर निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कलेक्टर श्री गोयल ने दिसंबर माह में रायगढ़ में होने जा रही अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रोजगार अधिकारी के साथ ही लोक निर्माण विभाग और नगर निगम से किए जाने वाले इंतजामों की प्रगति के बारे में पूछा। बताया गया कि बीते दिनों सेना के अधिकारी रायगढ़ पहुंचे थे और यहां जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुरूप तैयारियां शुरू की गई हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जो तिथि निर्धारित की गई है उसके पहले सभी प्रबंध कर लिया जाए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह

# विकास की नई ऊंचाई की ओर तेजी से बढ़ रहा छत्तीसगढ़: राधेश्याम राठिया

**रायगढ़, 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वें स्थापना दिवस का आयोजन रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिले वासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए गौरवशाली दिन है। आज प्रदेश अपने गठन की 24 वी वर्षगांठ मना रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। सबका साथ सबका विकास के ध्येय के साथ छत्तीसगढ़ शासन जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है, जिससे अंतिम छोर के व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। राज्य के किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। इसके अलावा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना का संचालन कर रही है। जरूरतमंदों परिवारों के लिए बड़ी संख्या में आवास के साथ ही छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। जिससे आज छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाई की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने राज्योत्सव में प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को आज 24 साल पूर्ण हो चुके है और छत्तीसगढ़ उन्नति की ओर अग्रसर



है। राज्य खनिज, उद्योग, संस्कृति, रीति-रिवाज से समृद्ध है। इसके साथ ही प्रदेश आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, श्री सत्यानंद राठिया, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री सुरेश गोयल, श्री सतीष बेहरा, श्री विकास केडिया, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, धरमजयगढ़ डीएफओ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

### सांसद श्री राठिया ने विभागीय स्टॉल का किया अवलोकन

राज्योत्सव के मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिनका मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, राजस्व विभाग, जिला पंचायत, कौशल उन्नयन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, रेशम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, समाज कल्याण विभाग, नगर पालिक निगम, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग/डीएमसी रायगढ़, वन विभाग, श्रम विभाग, लोनिवि सेतु/एनएच विभाग, लोनिवि (भ./स.)/(ई.एण्ड एम)विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संसाधन विभाग, क्रेडा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य विभाग, बैकिंग संस्थान (लीड बैंक) एवं स्व-सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जहां उन्होंने विभागों में संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी।

### राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें सुश्री गीतिका वैष्णव एवं साथी कलाकार गणेश वंदना एवं राज्यगीत की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही स्नेहा परिमिता स्वाईन एवं साथी (शरद वैष्णव) द्वारा कथक शिव वंदना-अर्द्धनारीश्वर एवं ओ.पी.जिंदल स्कूल तराईमाल करमा लोक नृत्य पर प्रस्तुति दिए। इसी तरह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार द्वारा संबलपुरी लोक नृत्य, सेन्ट टेरेसा स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा भरतनाट्यम वाराह अवतार, सरदार वल्लभभाई पटेल शास.उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य तथा सेन्ट जेवियर स्कूल रायगढ़ ने लावणी, मराठी लोक नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दिए। समाचार लिखे जाने तक समारोह स्थल में श्री देवेश शर्मा के जसगीत को सुनने तथा श्रीमती पूजा जैन एवं समूह, रायगढ़ द्वारा कथक तथा रायगढ़ के विजय सिंह एवं समूह छत्तीसगढ़ी लोक मंच की प्रस्तुति देखने दर्शक देर रात तक बैठे रहे।

### जनसंपर्क विभाग ने प्रचार सामग्री का किया वितरण

राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया था। जिसमें शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित जनमन, सुशासन के नवीन आयाम जैसे विभिन्न पत्रिकाओं का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही शासन द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध होती है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर विकास करेंगे: बघेल

**महासमुंद,6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मंगलवार को एक दिवसीय रा'योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रा'य के मुखिया विष्णु देव साय के सुशासन में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जनहित योजनाओं के कारण सभी वर्गों में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रदेश सरकार 'हमने बनाया है हम ही संवारेंगे' की परिकल्पना को साकार करने में लगी है। विगत दस माह में शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाओं से समाज के हर वर्ग को सभी क्षेत्रों में और वर्गों में शासन की योजनाओं को पहुंचाने में सफल हुए हैं और आगे भी सफल होंगे। उन्होंने कहा कि शासन की जनहित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर जिले व रा'य को उन्नति की राह पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रा'य निर्माण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को जाता है। उन्हें शत-शत नमन। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिला बहुत समृद्ध जिला है। यहां टीना, कोयला, पत्थर जैसे खनिज की भरमार है। हम विकास की कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने सभी से शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि महासमुंद जिले ने विभिन्न निर्माण कार्यों व विकास के कई आयाम तय किए हैं और विकास की उंचाईयों को छुआ है। हमारी अपेक्षा है कि हम



जिले में शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को निश्चित समय पर पहुंचाएं और सतत विकास के काम करते रहें और जिले को और समृद्ध बनाएं।

### आंबा कार्यकताओं की रंगोली ने खींचा दर्शकों का ध्यान

राज्योत्सव में 21 विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इनमें कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी, वन, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, श्रम, खाद्य और समाज कल्याण, परिवहन, आयुष, आदिम जाति कल्याण, विधिक सेवा, पुलिस, यातायात विभाग व महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल शामिल थे। प्रभारी मंत्री ने स्टॉलों का अवलोकन किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

### नेत्रहीन बच्चों के गायन ने मन मोहा

राज्योत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महतारी लोक कला मंच खरोरा के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुति दी। इसके अलावा स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। आदिवासी विकास छात्रावास की छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं फॉर्चून नेत्रहीन फाउंडेशन के ब'चों ने अपने गायन से सभी का मन मोह लिया। इसी क्रम में आस्था पटनायक ने कत्थक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

### दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान 5 दिव्यांगों को मोटराइ'ड ट्राइसिकल, 6 को ट्राइसिकल,को सीपी चेयर, 11 दिव्यांगों को श्रवण यंत्र और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 5 लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान किए गए। उन्होंने पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता दिव्यांग सुखदेव केंवट को मोमेंटो प्रदान किया। प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर ब'चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान किए। मत्स्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने हितग्राहियों को आईस बॉक्स, जाल व फिश माउंट का वितरण किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से रा'य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और प्रदर्शनी स्थल पर प्रचार सामग्री का निन्शुल्क वितरण किया गया।



## एक नजर

### राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से कलाकारों ने दिल जीत लिया दर्शकों का

**रायपुर, 6 नवंबर।** राज्योत्सव के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति लोक कलाकारों ने दी। सुश्री आरु साहू और श्री राजेश अवस्थी ने ददरिया गीतों के साथ उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं मुंबई से आईं सुश्री नीति मोहन ने शानदार गीतों की प्रस्तुति कर समां बांध दिया। शाम को राज्योत्सव का रंग गौरा-गौरी गीत से आरंभ हुआ। इसके बाद तो छत्तीसगढ़ के लोकगीतों की सुंदर श्रृंखला सज गई। लोकरंग राज्योत्सव परिसर पर पूरी तरह से छलक गये। गौरा-गौरी गीत के बाद राउत नाचा की रंगारंग प्रस्तुति हुई और राऊत नाचा के जोश से पूरा उत्सव स्थल सराबोर हो गया। इसके बाद फाग गीतों के रंग छलके। जब मुख मुरली बजाय का प्रदर्शन हुआ तो पूरा राज्योत्सव स्थल श्याम रंग से रंग गया। इसके बाद द्रूतगामी पंथी नृत्य का आयोजन हुआ। आरू साहू और राजेश अवस्थी जैसे ही मंच पर आये, दूर तक तालियां गूंजती रही। जब इन कलाकारों ने ददरिया की प्रस्तुति दी तो लोक रंग का जादू पूरे उत्सव में चढ़ गया। लोकप्रिय गीत बटकी म बासी चुटकी म नून गावत हव ददरिया कान देके सुन की प्रस्तुति ने पूरे माहौल में तरंग घोल दी। इसके बाद वालीवुड पार्श्व गायिका सुश्री नीति मोहन प्रस्तुति देने आईं। उन्होंने जय जोहार के अभिवादन के साथ सुमधुर गीतों की लड़ी प्रस्तुत की। चली रे जुनून का लिये कतरा, जिया रे जिया रे जैसे गीतों का प्रदर्शन कर उन्होंने पूरे माहौल में संगीत के रस घोल दिये। आज राज्योत्सव के दूसरे दिन लोकगीतों के साथ भारतीय सिनेमा के अद्भुत गीत-संगीत के जो सुर सुनने लोगों को मिले, उसने राज्य स्थापना दिवस की खुशियों में चार चांद लगा दिये।

### अन्नकूट का आयोजन किया गया

**तिल्दा नेवरा 6 नवंबर।** भगवान श्री परशुराम भवन में दोपहर 1:00 अन्नकूट प्रसाद का आयोजन विप्र समाज द्वारा किया गया यह अन्नकूट की व्यवस्था समाज हर वर्ष दीपावली पर्व के पश्चात करता आया है जिसमें समाज के अलावा अन्य नागरिक भी प्रसाद लेने आते है इस में समाज के हर परिवार सामूहिक प्रसाद ग्रहण करते है और भाई चारा के साथ साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम भी होता है।

### तलवार लहराते हुए लोगों को डराने-धमकाने वाला गिरफ्तार



**भखारा 6 नवंबर।** भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कानामुका,महावीर चौक में लोहे का तलवार लहराते हुए आम लोगों को डरा धमकाने वाले आरोपी को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार भखारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला था कि एक व्यक्ति ग्राम कानामुका महावीर चौक के पास अपने हाथ में एक लोहे का धारदार हथियार तलवार को लहराते हुये आने-जाने वाले आम लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर रहा है मुखबिर की सूचना पर भखारा पुलिस की टीम ने बताये स्थान में पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति धारदार लोहे की तलवार को अपने हाथ में लेकर आम जगह पर लहरा रहा था जिसे देखकर आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त था। उक्त तलवार लहराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया और आरोपी रोहित धनकर पिता कलीराम धनकर उम्र -24 वर्ष ग्राम- कानामुका वार्ड क्र.15 के कब्जे से धारदार लोहे का तलवार को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना भखारा ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी व निरीक्षक लेख राम ठाकुर,प्रधान आरक्षक शेखर सिन्हा,आरक्षक दुष्यंत सिन्हा,मनोहर रात्रे सहित थाना भखारा स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

### सड़क सुरक्षा नियमों के पालन से टाले जा सकते हैं सड़क हादसे

**रायपुर , 6 नवंबर।** हर साल हज़ारों लोग सड़क हादसे का शिकार होते हैं। कभी कोई हँसता खेलता परिवार सड़क हादसे की वजह से उजड़ जाता है, तो कभी कोई माँ अपनी संतान खो देती है। सड़क हादसे कभी खुद की गलती, कभी दूसरे की लापरवाही से होते हैं। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए राज्योत्सव मेला स्थल में लगे शिल्प ग्राम में स्टे फिट विथ मी नामक संस्था ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक उम्दा प्ले किया गया। अंतर विभागीय अग्रणी संस्था है ये। जिसमें अलग अलग क्षेत्र के लोग जुड़े हैं।

# जिले में क्रेशर पत्थर खदान संचालक विस्फोटक अधिनियम की उड़ा रहे धज्जियां

- कलेक्टर के बिना परमिशन के पत्थर खदानों में किया जा रहा है विस्फोटक का उपयोग

उत्तम साहू



**नगरी 6 नवंबर।** धमतरी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 19 स्टोन क्रेशरों और खदानों में किए जा रहे खनन कार्यों में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। लीज होल्डरों की यह लापरवाही कभी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। हालत यह है कि अधिकांश खानों में बिना बेंचिंग के ही असुरक्षित रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। इन खदानों में से निकलने वाला मलबा भी निर्धारित स्थानों पर नहीं डाला जा रहा है, इसके साथ ही खदानों में कार्य कर रहे मजदूरों के पीने का पानी और शौचालय की सुविधा तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक खान सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले की 19 विभिन्न खदानों में स्टोन क्रेशरों का संचालन हो रहा है, जहां पर अवैधानिक रूप से बारुद उपयोग करके ब्लास्टिंग किया जा रहा है, जबकि इन खदान संचालकों को नियमानुसार जिला दंडाधिकारी से विस्फोटक उपयोग करने की अनुमति लेकर ही विस्फोटक उपयोग किया जा सकता है, और प्रत्येक तीन माह में किए गए विस्फोटक की जानकारी जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस सुपरिटेंडेंट को देना होता है, मामले की गंभीरता को देखते हुए जब धमतरी कलेक्टर के संज्ञान में लाया गया तो कलेक्टर ने इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया और एक लाईन में कहा कि समाचार छाप दो, इससे पता चलता है कि एक वरिष्ठ और जिम्मेदार अधिकारी भी अपने कर्तव्यों से मुंह मोड़ रहे हैं,

बता दें कि जिले में 19 पत्थर खदान संचालित हो रहा है, इन खदानों में क्रेशर प्लांट संचालकों के द्वारा विस्फोटक अधिनियम का खुला उलंघन करते हुए कहीं भी और कभी भी विस्फोटक उपयोग किया जा रहा है जो नियमों के विरुद्ध है, जब इसकी पड़ताल की गई तो यह बात निकलकर सामने आई है,

उल्लेखनीय है कि पत्थर खदान संचालकों को खदानों में विस्फोटक करने से पहले जहां पर विस्फोटक करना है उस भूमि का खसरा नंबर सहित जिला दंडाधिकारी से विस्फोटक उपयोग करने के लिए अनुमति प्राप्त करना होता है लेकिन जिले में संचालित इन खदान संचालकों के द्वारा कलेक्टर के बिना अनुमति के धड़ल्ले से विस्फोटक का उपयोग किया जा रहा है, इसके बाद भी इन पत्थर खदानों पर जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है जबकि यह होना चाहिए कि इन खदान संचालकों को विस्फोटक उपयोग करने से पहले जिला दंडाधिकारी से अनुमति लेकर ही विस्फोटक उपयोग करना है लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है,

पत्थरों में यूज होने वाली ब्लास्टिंग के लिए बारूद कहां से आता हैं, स्टाक रूम कहां है, कुछ पता नहीं है। अवैध बारूद से कभी भी बड़ी घटनाएं घट सकती है। जिले में बेखौफ ड्रिल मशीन लगाकर सुरंग बनाकर ब्लास्टिंग कराई जा रही है। पत्थर खदानों के लाइसेंस प्राप्त करने से पहले सरकारी गाईड लाईन का पालन करना जरूरी होता है जैसे विस्फोटक उपकरण के लिए खदानों में तकनीकी कर्मचारी,सुरक्षा उपकरण,बिना बेंचिंग के ही खनन कार्य,श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी,सूचना पट्टिका,हेलमेट,वृक्षारोपण सहित मजदूरों को भुगतान व उपस्थिति का कोई रिकॉर्ड रखना है लेकिन जिले में इसका पालन नहीं हो रहा है।

# मांदर बजाते हुए कलाकारों के साथ थिरके मुख्यमंत्री साय



**रायपुर 6 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्योत्सव की द्वितीय संध्या को जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां मौजूद कलाकारों के पास पहुंचे और मांदर बजाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया। मुख्यमंत्री श्री साय कलाकारों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए आज अलग अंदाज में नजर आए। मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति से जुड़ाव और उनके सहज-सरल व्यवहार को देखकर लोग उनके मुरीद हो गए और तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री को इस मौके पर रिखी क्षत्रीय ने अपनी ओर से मांदर भेंट किया। गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में राज्य की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में दिखाई गई योजनाओं और उपलब्धियों की सराहना की और इसे जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर उन्होंने वहां एलईडी टीव्ही के माध्यम से प्रसारित हो रहे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में दिए गए भाषण को हेडफोन लगाकर सुना। गौरतलब है 4 अक्टूबर, 1977, भारत के विदेश मंत्री के तौर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में अपना भाषण दिया था। उन्होंने अपने भाषण में परमाणु निरस्त्रीकरण, आतंकवाद जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए थे। हिंदी में बोलने की वजह से ही उनका यह भाषण अविस्मरणीय और ऐतिहासिक हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों से मैत्री चाहता है और भारत विश्व शांति के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को विश्व मंच पर पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि मैं भारत की ओर इस महासभा को आश्वासन देता हूं कि हम एक विश्व के आदर्शों की प्राप्ति और मानव के कल्याण तथा उसके गौरव के लिए त्याग और बलिदान की बेला कभी पीछे नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह भारत को गौरवान्वित करने वाला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में प्रश्न माला कार्यक्रम में विजेता रही दानी स्कूल और काली बाड़ी स्कूल के छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनका हौंसला बढ़ाया।

# ब्राउन शुगर तस्करी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 6 नवंबर।** थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा दिनांक 13.09.2024 को मुखबिर सूचना पर सार्वजनिक शौचालय के सामने भाटापारा में एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं अन्य नशीली दवाइयां के साथ आरोपी भूपेंद्र वर्मा को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें आरोपी से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर अलग-अलग पुड़िया में बंधी हुई कुल 49 नग कीमती ?27,750 एवं नशीला टैबलेट कीमती ?220 सहित एक बिना नंबर की प्लैटिना मोटरसाइकिल जप्त किया गया था। की प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 439/2024 धारा 8(सी), 21(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र वर्मा से पूछताछ पर पता चला कि उक्त ब्राउन शुगर को आरोपी द्वारा कोलकाता से खरीद कर लाया गया है। की सूचना पर भाटापारा शहर पुलिस द्वारा गहन जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए इस ब्राउन शुगर को कोलकाता पश्चिम बंगाल में बिक्री करने वाले आरोपी राज चौधरी को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार पुलिस द्वारा इस तस्कर चैनल के दो मुख्य कड़ी को पकड़ने में सफलता मिली। किंतु अभी भी इस ब्राउन शुगर को मंगाने वाले आरोपी का पता तलाश जारी था। की प्रकरण में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर प्रकरण के तीसरे आरोपी प्रमोद कुमार साहू उर्फ़ बबलू साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र के माध्यम से कोलकाता में राज चौधरी से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर खरीद कर मंगाना स्वीकार किया गया। भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अत्यंत सराहनीय कार्य करते हुए न केवल भाटापारा शहर में ब्राउन शुगर तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया गया है, साथ ही इस तस्करी से जुड़े हुए तीनों सूत्रों का पता लगाते हुए ब्राउन शुगर बिक्री करने वाले, उसे शहर में लाने वाले एवं उस ब्राउन शुगर के खरीदार सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। की प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 05.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### प्रदर्शनी से लोगों को मिली योजनाओं की जानकारी

**रायपुर, 6 नवम्बर।** कोरबा शहर के घन्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम परिसर में एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

जिले के विकास तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को मिली नौकरी के बाद जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया।



**रायपुर, 6 नवम्बर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर राज्यपाल को छठ महापर्व में शामिल होने के लिए न्यौता दिया।

### भेंडरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**भखारा 6 नवंबर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय अधीन राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत संचालित हो रहा है जिसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भेंडरा में 04 नवम्बर से 10 नवम्बर तक मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ.एल.आर डोंगरे द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से शिविर स्थान के लिए रवाना किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों द्वारा शिविर के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। शिविर स्थान ग्राम पंचायत भेंडरा में पहुंच कर स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थान की साफ सफाई किया गया! तत्पश्चात शिविर उद्घाटन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यू.के बनपेला अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज,विशिष्ट अतिथि हरीश चंद्राकर अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति,एन.के साहू सेवानिवृत शिक्षक,कामता प्रसाद साहू सरपंच प्रतिनिधि,मनोज साहू पंच,नरेश साहू पंच,परमेश्वर साहू गणमान्य नागरिक रहे!समस्त अतिथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण लक्ष्य गीत के साथ किया गया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के थीम के संदर्भ में जानकारी दिया गया ।



## समाचार संक्षेप

### हत्या के मामले में अपचारी बालक सहित 2 आरोपियों को पकड़ा गया



**बलौदाबाजार 6 नवंबर।** 2 नवंबर को प्रार्थी जय कुमार धृतलहरे निवासी ग्राम अमेरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 02.11.2024 को शाम तकरीबन 7:30 बजे ग्राम अमेरा में मृतक जगन्नाथ धृतलहरे का आरोपी राकेश सोनवानी एवं एक अपचारी बालक के साथ फटाका फोड़ने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर आरोपियो द्वारा आज तुझे जान से खत्म कर देंगे कहकर गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का एवं अपने कलाई में पहने चूडा से मृतक के सिर में घातक वार किया गया, जिससे जगन्नाथ धृतलहरे गंभीर रूप से घायल हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 2024 धारा 296,115(2),351(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में आहत व्यक्ति जगन्नाथ धृतलहरे को इलाज हेतु शंकर हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कराया गया था, जिसमें कल रात्रि उसकी मृत्यु हो गई। कि प्रकरण में घायल व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पश्चात धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई है। थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मृतक के साथ फटाका फोड़ने की बात को लेकर गंभीर रूप से मारपीट कर उसे चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आज दिनांक 05.11.2024 को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### चाकू से वार कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 नवंबर।** प्रार्थी मनहरण साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 02.11.2024 को शाम के समय बाजार चौक में आरोपी पवन साहू, चाकू लेकर मेरा भतीजा को दौड़ा रहा था, जिसे मुझे पता चलने पर मैंने आरोपी को समझाया। इस पर आरोपी पवन साहू द्वारा मुझे अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने लगा, जिस पर मेरा छोटा भाई दिलीप कुमार साहू भी आकर उसे समझाने की कोशिश किया, तो आरोपी पवन साहू अपने पास रखे चाकू से आहत दिलीप कुमार के दाहिने हाथ में मार दिया, जिससे उसको गहरा एवं गंभीर चोंट आया है, जिसे इलाज हेतु शासकीय अस्पताल पलारी में भर्ती कराया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 498/2024 धारा 115(2), 351(2),118(1) एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पवन साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने पास रखे चाकू से लोगों को भयभीत करते हुए आहत दिलीप कुमार साहू को गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी पवन साहू को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### साउथ कोरिया में आयोजित कार्यक्रम में शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे डॉ.जानसन



**भखारा 6 नवंबर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद धमतरी छत्तीसगढ़ के अधिष्ठाता डॉ. पी.एल जानसन 6 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस फूड,न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड लाइफस्टाइल 2024, जो कि 08-09 नवंबर 2024 मे सियोल साउथ कोरिया में आयोजित हो रहा है उसमे शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे उनके शोध पत्र का शीर्षक है स्टेबिलिटी एनालिसिस फॉर यील्ड एंड यील्ड कंट्रीब्यूटिंग ट्रेट्स ऑफ पोटेटो (सोलिनम ट्यूबरोसम एल.) ऑफ छत्तीसगढ़ स्टेट उल्लेखनीय है डॉ पी एल जॉनसन ने अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग से पीएचडी किए है यह शोध पत्र उनके 19 वर्षों के अनुभव का परिणाम है इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 12 देशों से ज्यादा जैसे मलेशिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, थाईलैंड, जापान,श्रीलंका,साउथ कोरिया, इंडिया एवं बांग्लादेश के पीएचडी स्कॉलर,वैज्ञानिक,रिसर्चर, प्रोफेसर एंड डीन डायरेक्टर्स भाग ले रहे है ।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202410201500023/ अ-6/2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री कमलदास पिता स्व. गोविंद दास जाति पनका निवासी-डी.एन.के. कालोनी कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-डी.एन.के. वार्ड स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 626/39 में से 6X5 = 30 वर्गमीटर भूमि का 30 वर्षीय पट्टा शासन से प्राप्त है। पट्टे का नवीनीकरण अगस्त 2044 तक के लिए किया गया है। आवेदक कमलदास की पत्नी पदमावती की दिनांक 23/04/2023 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र धारा 110 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत उक्त पट्टे से मृतिका का नाम विलोपित कर वैध वारिसों का नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र, तलवाना, 30 वर्षीय पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08/11/2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं, किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.10.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)


## राज्योत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉल में जनसामान्य को शासन की जनहितकारी योजनाओं की मिली जानकारी

# विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**राजनांदगांव 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

राज्योत्सव के अवसर पर जनससंपर्क विभाग के स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नए आयाम, उदित छत्तीसगढ़, रोजगार नियोजन, किताब एवं पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान को प्रदर्शित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पौष्टिक आहार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन लड्डू, गुलगुला भजिया, रेडी टू ईट हलुआ, सेव, खुरमी, ठेठरी, सलाद, फल, पौष्टिक अन्न, भाजियों की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी दी गई। पोट्ठ लईका पहल, बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के संबंध में बताया गया। कृषि विभाग के स्टॉल में कृषक पाठशाला अंतर्गत किसानों को रागी, कोदो, कुटकी जैसे लघु धान्य फसलों के संबंध में जानकारी दी गई तथा आर्गेनिक फुड प्लाजा में रागी से बने इडली, कोदो से बने इडली और खीर, अम्बाड़ी शरबत, सीताफल आइस्क्रीम तथा अन्य व्यंजन भी जनसामान्य के लिए उपलब्ध रहे। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में फूलों की खेती अंतर्गत जरबेरा, आर्किड के फूल, हरे, लाल एवं पीले रंग की शिमला मिर्च के साथ ही हल्दी, भटा, फूलगोभी, टमाटर की विभिन्न वेरायटी व लौकी, कद्दू, तुमा सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग के स्टॉल में पीएमश्री योजना अंतर्गत ग्राम मोर कुटुम्ब स्कूल में बनाएं गए पीएमश्री योजना के तहत बच्चों के पढने के लिए अच्छे वातावरण, कला एवं आईसीटी सुविधा समग्र विकास हेतु अन्य सुविधाओं को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टाल में समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं सामग्री उपलब्ध रहे। बिहान द्वारा गढ़कलेवा में बड़ा, दाल का बड़ा, मुंगोड़ी, फरा, चिला एवं अन्य छत्तीसगढ़ व्यंजन एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध रही। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर शासन की योजनओं की जानकारी दी गई।

समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सिलाई योजना, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनीहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जल संसाधन विभाग अंतर्गत दो मध्यम योजनाएं ढारा जलाशय एवं शिवनाथ व्यपवर्तन परियोजना तथा योजनावार सिंचाई की जानकारी दी गई। आयुष विभाग के स्टॉल में पंचकर्म, हृदय रोग से बचाव के घरेलू उपाय, स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में बताया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ दांत, मलेरिया से रोकथाम एवं बचाव, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बधिरता एवं रोकथाम, क्षय उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही स्टॉल में लोगों ने ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कराई। पुलिस विभाग के स्टॉल में नवा बिहान सायबर जन-जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। नगर निगम के स्टॉल में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना मोर मकान मोर आस, मोर संगवारी योजना अंतर्गत शासकीय सेवाओं की घर पहुंच सेवा, सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ, डायरिया से बचाव, गीला कचरा-सूखा कचरा एवं उसे रिसायकिल करने के संबंध में जानकारी दी गई।



छत्तीसगढ़ राज्योत्सव



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह



**06 नवम्बर, 2024**

राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

मुख्य अतिथि
**श्री जगदीप धनखड़**
माननीय उप राष्ट्रपति

अध्यक्ष
**श्री रमेन डेका**
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

श्री अरूण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक

एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।



आप सादर आमंत्रित हैं...

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संवाद-42022/84


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26